रोहतक
गुरुवार, 29 मई 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 118
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 43.4
न्यून. 26.1

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,312.32 | 239.31 ▼ |
| निफ्टी | 24,752.45 | 73.75 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 99,000 /- | 500/- ▲ |
| चांदी | 1,00,000/- | 1000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.40 | स्थिर |
| क्रूड ऑयल | 64.57/ बैरल | 0.69% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

**आईपीएल में आज**



पंजाब
V/S
बेंगलुरू
- : समय : -
7.30 PM
- : स्थान : -
बेंगलुरू

# पंचकूला में फोरेंसिक यूनिवर्सिटी के लिए हरियाणा सरकार ने दी जमीन



सीएम सैनी ने मंजूरी के लिए गृहमंत्री शाह को लिखा पत्र

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विवि (एनएफएसयू), गांधीनगर के अस्थायी और स्थायी परिसर की स्थापना के लिए पंचकूला में निःशुल्क भूमि देने की पेशकश की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने परियोजना को शीघ्र मंजूरी देने का आग्रह किया है। पत्र के अनुसार सरकार ने पहले 15 नवंबर, 2022 को पंचकूला में एनएफएसयू परिसर स्थापित करने के लिए गृह मंत्रालय से अनुमति मांगी थी। मामले को एनएफएसयू गांधीनगर भेज दिया गया, जिसने एक समिति बनाई। समिति ने अगस्त में पंचकूला में प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी। इस पहल से हरियाणा में फोरेंसिक विज्ञान की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए इस क्षेत्र में नए अवसर भी पैदा होंगे।

## हिंडनबर्ग केस में सेबी की पूर्व चीफ माधवी को क्लीनचिट



लोकपाल ने कहा- बुच के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच को हिंडनबर्ग मामले में लोकपाल ने क्लिनचिट दे दी है। लोकपाल की एंटी करप्शन बॉडी ने उनके खिलाफ सभी शिकायतों का निपटारा कर दिया है। लोकपाल ने कहा है कि बुच के खिलाफ जांच का आदेश देने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं हैं। 'हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि शिकायतों में लगाए गए आरोप अनुमानों और मान्यताओं पर आधारित हैं। इस मामले में कोई भी वेरिफाइड मटेरियल नहीं मिला है।

# एचटेट के लिए एक और मौका, 5 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

छह और सात जून को कर सकेंगे त्रुटि सुधार

*अब 26 व 27 जुलाई को आयोजित करवाई जाएगी परीक्षा*

**भिवानी (हरिभूमि ब्यूरो)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा(एचटेट)-2024, लेवल-1, 2 व 3 का आयोजन 26 व 27 जुलाई शनिवार-रविवार को करवाया जा रहा है। 26 जुलाई को लेवल-3 एवं 27 जुलाई को लेवल-2 व लेवल-1 की परीक्षा होगी। बोर्ड अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने बुधवार को बताया कि एचटेट के लिए नवम्बर-2024 में पंजीकरण करवाया गया था। अब कुछ अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण का एक ओर अवसर देने बारे अनुरोध किया है। इसके दृष्टिगत शिक्षा बोर्ड ने एचटेट परीक्षा-2024 हेतु पंजीकरण का एक ओर अवसर दिया है। इसके तहत अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर 01 जून सुबह 11:30 बजे से 05 जून, 2025 रात्रि 11:59 बजे तक निर्धारित शुल्क सहित ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन व परीक्षा शुल्क के सफलतापूर्वक जमा करने के बाद अभ्यर्थी पुष्टिकरण पृष्ठ (अप्लीकेशन फॉर्म) का प्रिंट लेना सुनिश्चित कर लें।

**खबर संक्षेप**

### राणा की याचिका पर तिहाड़ से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की उस याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें उसने अपने परिवार के सदस्यों से बात करने की अनुमति मांगी थी। विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने राणा की याचिका पर जेल अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। भाषा

### जम्मू में तीन मोर्टार के गोले नष्ट किए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सड़क किनारे मोर्टार के तीन गोले मिले जिन्हें बम निष्क्रिय दस्ते (बीडीएस) ने नियंत्रित विस्फोट के जरिए नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने बुधवार दोपहर शहर के बाहरी इलाके नरवाल के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में मोर्टार के गोले देखे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की तुरंत घेरबंदी की गई तथा बीडीएस को मौके पर बुलाकर गोलों को घटनास्थल से हटा दिया। भाषा

### शिअद के वरिष्ठ नेता ढींढसा का निधन



**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा का उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण बुधवार शाम को मोहाली स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 89 साल के थे। भाषा

### संघ लोक सेवा आयोग ने आवेदन पोर्टल शुरू किया

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए नया आवेदन पोर्टल शुरू किया। सभी आवेदकों के लिए आयोग की वेबसाइट का उपयोग करके नए पोर्टल पर नए सिरे से आवेदन भरना और अपने दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। आयोग का कहना है कि पुराना 'वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) मॉड्यूल' अब लागू नहीं होगा।

**अंदर के पन्नों पर**

▸▸ तीन दिन में पांच राज्यों में रैली और रोड शो करेंगे मोदी पेज-7
▸▸ इंडोनेशिया और पनामा ने आतंक को बर्दाश्त न करने की नीति का दिया साथ पेज-8

# धान समेत 14 फसलों का एमएसपी बढ़ा किसानों को मिलता रहेगा सस्ता लोन

केंद्र सरकार का फैसला किसानों को होगा फायदा | धान का एमएसपी 69 रुपये बढ़ाकर 2,369 प्रति क्विंटल | केसीसी पर 3 लाख तक लोन 7% ब्याज पर मिलता रहेगा | जो समय पर लोन चुका देते हैं उन्हें 3% सब्सिडी मिल रही

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए धान, कपास, सोयाबीन, अरहर समेत खरीफ की 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसएपी) बढ़ाने का ऐलान किया है। वहीं, किसानों को सस्ता लोन भी मिलता रहेगा। पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान का एमएसपी 3 प्रतिशत यानी 69 रुपये बढ़ाकर 2,369 प्रति क्विंटल किया है। कपास का एएमएसपी 7,710 रुपये तय किया है। इसकी एक दूसरी किस्म का समर्थन मूल्य 8,110 रुपये प्रति क्विंटल किया है। जो पहले से 589 रुपये ज्यादा है। केंद्र के इस ऐलान से सरकारी खजाने पर 2.7 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। यह पिछले फसल सीजन की तुलना में 7 हजार करोड़ रुपये ज्यादा है। एमएसपी फसल की लागत से कम से कम 50% ज्यादा हो, इस बात का ध्यान रखा गया है। वहीं केंद्र ने 2025-26 के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की ब्याज सब्सिडी योजना को भी जारी रखने का फैसला किया। ब्याज सब्सिडी योजना को अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी है। इसके लिए जरूरी फंड भी तय कर लिया गया है। यह योजना केसीसी के जरिए किसानों को कम ब्याज पर लोन उपलब्ध करवाती है।



| फसल | एमएसपी पहले | एमएसपी अब | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| धान | 2300 | 2369 | 69 |
| धान ए ग्रेड | 2320 | 2389 | 69 |
| ज्वार हाईब्रिड | 3371 | 3699 | 328 |
| ज्वार मालदंडी | 3421 | 3749 | 328 |
| बाजरा | 2625 | 2775 | 150 |
| रागी | 4290 | 4886 | 596 |
| मक्का | 2225 | 2400 | 175 |
| अरहर | 7550 | 8000 | 450 |
| मूंग | 8682 | 8768 | 86 |
| उड़द | 7400 | 7800 | 400 |
| मूंगफली | 6783 | 7263 | 480 |
| सूरजमुखी | 7280 | 7721 | 441 |
| सोयाबीन | 4892 | 5328 | 436 |
| तिल | 9267 | 9846 | 579 |
| राम तिल | 8717 | 9537 | 820 |
| कपास मिडिल | 7121 | 7710 | 589 |
| कपास लॉंग | 7521 | 8110 | 589 |

(एमएसपी में बढ़ोतरी रुपये प्रति क्विंटल)

## किसानों के लिए संशोधित ब्याज अनुदान योजना को जारी रहेगी

देशभर के किसानों को समर्थन देने के उद्देश्य से, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तवर्ष 2025–26 के लिए संशोधित ब्याज अनुदान योजना को जारी रखने की मंजूरी दी है। इस योजना के अंतर्गत, किसान क्रेडिट कार्ड(केसीसी) के माध्यम से 3 लाख रुपये तक के अल्पकालिक फसल ऋणों पर बैंकों को 1.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान मिलता रहेगा। इस निर्णय से यह सुनिश्चित होता है कि समय पर पुनर्भुगतान करने वाले किसानों को 3 प्रतिशत शीघ्र पुनर्भुगतान प्रोत्साहन (पीआरआई) सहित सिर्फ 4 प्रतिशत की प्रभावी ब्याज दर पर कृषि ऋण प्राप्त होता रहेगा।

### किसानों को ये लाभ होंगे

**सस्ता ऋण :** किसान सिर्फ 4% वार्षिक ब्याज पर कार्यशील पूंजी प्राप्त कर सकेंगे जो वैश्विक स्तर पर सबसे कम दर है।
**लचीला ऋण:** केसीसी के माध्यम से 5 वर्षों तक रिवॉल्विंग क्रेडिट की सुविधा उपलब्ध है।
**आपदा में राहत:** प्राकृतिक आपदा की स्थिति में एक वर्ष तक ब्याज राहत व गंभीर आपदाओं में 5 वर्षों तक राहत।
**छोटे और सीमांत किसानों को लाभ:** 76% कृषि ऋण खाते छोटे किसानों के पास, यह योजना भारतीय कृषि की रीढ़।
**बिना जमानत ऋण:** 2 लाख तक ऋण पर जमानत नहीं।
**किसान ऋण पोर्टल :** यह ब्याज अनुदान दावों की डिजिटल ट्रैकिंग को सक्षम बनाता है। वितरण तेज, पारदर्शी व उत्तरदायी बनता है। किसान और बैंकों को लाभ

### बैठक में ये भी फैसले

- कैबिनेट ने महाराष्ट्र व एमपी में रेलवे की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी। रतलाम-नागदा के बीच तीसरी और चौथी लाइन डाली जाएगी। वर्धा- बल्हारशाह चौथी लाइन डाली जाएगी।
- आंध्र प्रदेश में बडवेल-नेल्लोर के बीच 108 किलोमीटर लंबे फोर-लेन हाईवे परियोजना को मंजूरी दे दी है।

देश में आईएसओ नियम लागू, अधिसूचना जारी

# एक अधिकारी तीनों सेनाओं के जवानों पर ले सकेगा एक्शन



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) अधिनियम 2023 के नियमों को बुधवार को अधिसूचित कर दिया गया। अब देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन (आईएसओ) नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। अब थियेटर कमांड के तहत काम करने वाले कमांडरों को अधीनस्थों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार मिल गया। इसका मकसद अंतर-सेवा संगठनों (आईएसओ) की प्रभावी कमान, नियंत्रण और कुशल कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है, जिससे सशस्त्र बलों के बीच एकजुटता मजबूत होगी। इस विधेयक को वर्ष 2023 के मॉनसून सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किया गया था और 15 अगस्त, 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली. 8 मई, 2024 के राजपत्र अधिसूचना के अनुसार यह अधिनियम 10 मई, 2024 से लागू हो गया।

### ये तीन बदलाव होंगे

**1. कमांड**
- अब कोई भी सेवा अधिकारी इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन में कार्यरत अन्य सेवा (जैसे नौसेना या वायुसेना) के जवानों को कमांड दे सकेगा।
- अभी ऐसा अधिकार केवल संबंधित सेवा के भीतर ही सीमित होते थे। इससे कई बार संचालन में बाधाएं आती थीं, जैसे कि नेवी अफसर, नौसेना के जवानों को ही आदेश दे सकता था।

**2. कंट्रोल**
- इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन से जुड़े सभी जवान एक अधिकारी के तहत कंट्रोल हो सकेंगे। एक अधिकारी को एडमिनिस्ट्रेटिव पावर दी जाएगी। वे किसी भी सेना के जवानों से जुड़े फैसले ले सकेगा।
- पुराना नियम स्पेसिफिक सर्विस के यूनीक वर्किंग एन्वायर्नमेंट को ध्यान में रखते हुए तैयार किया था। ऐसे में एडमिनिस्ट्रेटिव एक्शन के लिए जवान को उनके पेरेंट सर्विस यूनिट्स में वापस भेजने की जरूरत पड़ती थी। इसमें न केवल ज्यादा समय लगता था, बल्कि पैसा भी खर्च होता था।

**3. अनुशासन**
- एक यूनिट या एस्टैब्लिशमेंट के सैनिकों को एकजुट करने में मदद करता है। ऐसे में जब कहीं अनुशासनहीनता का कोई भी मामला सामने आता है, तो उसके बारे में जल्द फैसला लिया जा सकेगा।
- अभी तक कहीं पर अनुशासनहीनता होती थी तो उस एक इनडिसिप्लिन के मामले में तीन अलग-अलग जगहों पर प्रोसिडिंग्स होती थीं। जब तीन अलग-अलग जगहों पर प्रोसिडिंग्स होंगी तो हो सकता है कि उसका रिजल्ट भी तीन अलग-अलग तरह से निकले।

**कमांडर इन चीफ नियुक्त होगा**
नए कानून बनने से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन-कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस केंद्र ने एनएसडीसी सीईओ को हटाया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

**संस्था के कामकाज के लिए बनाई गई समिति**

भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के नारे के साथ चलने वाली केंद्र सरकार ने भ्रष्टाचार की शिकायत और जांच के बाद नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने कई शिकायतों के बाद अपने कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वेद मणि तिवारी की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। तिवारी ने 2021 में एनएसडीसी के सीईओ का कार्यभार संभाला था। सूत्रों ने बताया कि यह निर्णय 15 मई को बुलाई गई एक विशेष बोर्ड बैठक के बाद लिया गया, जिसके बाद एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर इस फैसले की जानकारी दी गई। सूत्रों ने साफ किया कि वेद मणि तिवारी एनएसडीसी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) और कार्यवाहक सीईओ की बडी जिम्मेदारी निभा रहे थे। उनके खिलाफ सरकार को कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। एनएसडीसी के पूर्व अधिकारियों और ठेकेदारों ने हाई कोर्ट में भी शिकायतें दर्ज की थीं। आंतरिक जांच के बाद उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई। इन शिकायतों की प्रकृति के बारे में विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन इन्हें गंभीर माना गया, जिसके चलते त्वरित कार्रवाई की। तिवारी की सेवाएं समाप्त करने के बाद, एनएसडीसी ने नए सीईओ की नियुक्ति होने तक संस्था के परिचालन के लिए एक अंतरिम समिति गठित की है।

ऑपरेशन शील्ड

## हरियाणा, जम्मू-कश्मीर समेत छह राज्यों में होने वाली मॉकड्रिल टली

**ड्रोन और मिसाइल हमले से बचाव का अभ्यास होना था**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा, जम्मू-कश्मीर समेत 6 राज्यों में गुरुवार को होने वाली मॉकड्रिल स्थगित कर दी गई है। पंजाब में यह ड्रिल 3 जून को होगी। शेष सभी राज्य नई तारीखों का जल्द ऐलान करेंगे। इस ड्रिल को ऑपरेशन शील्ड नाम दिया गया है। जम्मू कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ में यह मॉकड्रिल की जानी थी। इस अभ्यास का मकसद राज्य की आपातकालीन तैयारियों और जवाब देने की ताकत बढ़ाना है। इसमें हवाई हमले, ड्रोन हमले और अन्य युद्ध के हालात को दिखाया जाएगा। यह केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह मॉकड्रिल की जा रही है, ताकि सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सके। इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई थी।

कर्ज से परेशान थे घर में ही लटके मिले चारों के शव

# पंचकूला के बाद अब केरल में परिवार के 4 लोगों ने दी जान

एजेंसी ▸▸ तिरुवनंतपुरम



◆ घर के लिए कर्ज लिया बेटे का एक्सीडेंट हुआ फिर तंगी में फंसा परिवार

पंचकूला के एक ही परिवार के 7 लोगों द्वारा की गई आत्महत्या के मामले को लोग नहीं भूल पाए थे कि अब केरल के वक्कम शहर में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक ही परिवार के चार सदस्य घर में फांसी पर लटके मिले। मरने वालों में पिता, माता व उनके दो बेटे शामिल हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। शायद इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया। जिन लोगों ने घर में अंदर जाकर देखा तो चारों के चारों साड़ी के अलग-अलग फंदों पर लटके हुए थे। हो सकता है कि एक के बाद एक फांसी पर झूले हों। पुलिस ने बताया कि मरने वालों की पहचान अनिल कुमार (55 वर्ष), उनकी पत्नी शीजा (50 वर्ष), और उनके बेटे अश्विन (25 वर्ष) और आकाश (22 वर्ष) के रूप में हुई है। वार्ड सदस्य संथम्मा एस के अनुसार, शीजा अक्सर परिवार के बढ़ते कर्ज के बारे में बात करती थी। कुछ साल पहले उन्होंने एक राष्ट्रीयकृत बैंक से घर खरीदने के लिए बड़ा होम लोन लिया था। इसके बाद उनकी आर्थिक परेशानी शुरू हुई। बताया जा रहा है कि 2019 में अश्विन एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके बाद से परिवार पर कर्ज बढ़ता गया।

**मौसम** मुंबई में तेज बारिश, राजस्थान में गर्मी, बारिश और धूलभरी आंधी

कई राज्यों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी

# छत्तीसगढ़ में 12 दिन पहले पहुंचा मानसून, अब तक 17 राज्य कवर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मानसून अब तक देश के 17 राज्यों को कवर कर चुका है। यह तेजी से आगे बढ़ रहा है। बुधवार को मानसून समय से 12 दिन पहले छत्तीसगढ़ और 13 दिन पहले ओडिशा पहुंचा। दोनों राज्यों के कुछ जिलों में तेज बारिश हुई। महाराष्ट्र के मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में आज भारी बारिश हो रही है। यहां बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बदलापुर, उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली और ठाणे के अलग-अलग इलाकों में जलभराव हो गया है। राजस्थान में मौसम का तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। बूंदी जिले में तेज गर्मी पड़ रही है। यहां के गांव में वृद्ध महिला की मौत हुई। जांच में हीटवेव से मौत की बात सामने आई। उदयपुर, चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा में बारिश जारी है। जैसलमेर में सुबह से रेत का गुबार (धूलभरी आंधी) है।

**अब तक इन राज्यों में पहुंचा :** केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, त्रिपुरा।

### हरियाणा में नौतपा का सबसे गर्म दिन रहा बुधवार, आज से बदलेगा मौसम

**रेवाड़ी।** प्रदेश में 25 मई से नौतपा शुरू होने के बाद तापमान में भारी गिरावट आई थी, लेकिन अब तापमान फिर बढ़ना शुरू हो गया है। बुधवार नौतपा में सबसे गर्म दिन रहा। 29 मई से मौसम में बदलाव की संभावना है। आसमान में बादल और तेज हवाओं के साथ बरसात हो सकती है। इससे नौतपा के बचे हुए दिनों में तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। बुधवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। दोपहर तक तेज धूप खिली रही। हवा में नमी का स्तर 50 फीसदी तक रहा। नौतपा में अधिकतम तापमान 24 मई के बाद पहली बार 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 39.0 डिग्री पर आया है। इससे पूर्व नौतपा शुरू होने से पहले 24 मई को तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 23.0 डिग्री पर आ गया। तापमान बढ़ने और हवा में नमी का स्तर ज्यादा रहने के कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया।

**कैश कांड** सुप्रीम कोर्ट की जांच समिति ने दोषी ठहराया, पूर्व सीजेआई खन्ना कर चुके सिफारिश

राज्यसभा में प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 50 सदस्यों के हस्ताक्षर जरूरी

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ मानसून सत्र में महाभियोग लाने की तैयारी में सरकार!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से भारी मात्रा में जली हुई नकदी मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित जांच समिति ने उन्हें दोषी ठहराया है। सूत्रों के मुताबिक यदि न्यायमूर्ति वर्मा खुद इस्तीफा नहीं देते हैं तो जुलाई के दूसरे पखवाड़े से शुरू हो रहे मानसून सत्र में महाभियोग प्रस्ताव लाया जा सकता है। जस्टिस वर्मा को इस घटना के बाद उनके मूल पदस्थापन स्थल इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया गया है।



### अभी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं

सूत्रों के अनुसार, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर वर्मा के खिलाफ महाभियोग की सिफारिश की थी। खन्ना ने यह कदम सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित इन-हाउस जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर उठाया, हालांकि समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है।

### इस्तीफे से मना कर चुके

तत्कालीन सीजेआई खन्ना ने वर्मा से इस्तीफा देने का आग्रह किया था, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की औपचारिक प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। वहीं, जस्टिस वर्मा ने अपनी बेगुनाही का दावा किया है और कहा है कि उनके दिल्ली स्थित आवास के आउटहाउस में आग लगने के बाद जो नकदी मिली, उसका उनसे कोई संबंध नहीं है।

### क्या है महाभियोग की प्रक्रिया

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124(4) और न्यायिक जवाबदेही से जुड़े प्रावधानों के तहत, किसी हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को हटाने के लिए संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाया जा सकता है। राज्यसभा में प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 50 सदस्यों के हस्ताक्षर आवश्यक होते हैं. लोकसभा में 100 सदस्यों का समर्थन जरूरी होता है। यदि प्रस्ताव दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत से पारित हो जाता है, तो लोकसभा अध्यक्ष या राज्यसभा के सभापति भारत के मुख्य न्यायाधीश से एक जांच समिति के गठन का अनुरोध करते हैं। यह समिति तीन सदस्यों की होती है।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से ट्राई सिटी टॉपर श्रेया ने की मुलाकात

**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से बुधवार को राजभवन में सीबीएसई बोर्ड 12वीं कक्षा के वाणिज्य संकाय में ट्राई सिटी टॉपर रहीं श्रेया गर्ग ने परिवार सहित मुलाकात की। राज्यपाल ने श्रेया को भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति व यथार्थगीता भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने श्रेया गर्ग व उनके परिवार को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### यमुना कैचमेंट एरिया की परियोजनाओं की समीक्षा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बुधवार यहां यमुना कैचमेंट एरिया में इस समय चल रही और नजदीक भविष्य में शुरू होने वाली परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कड़ी निगरानी की आवश्यकता पर बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय पर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए, वे सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) परियोजनाओं की स्थिति की हर दो सप्ताह में समीक्षा करें।

### सरकार ने 8 विभागों के लिंक अधिकारी लगाए

**चंडीगढ़।** सरकार ने अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे, चुनाव ड्यूटी अथवा स्थानान्तरण या सेवानिवृत्ति के चलते या किसी अन्य कारण से प्रशासनिक सचिवों की अनुपस्थिति में सम्बन्धित विभागों के कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 8 विभागों के लिंक अधिकारी नियुक्त किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। अधिकारी न होने पर दूसरे अधिकारी काम संभालेंगे।

# डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की निगरानी के लिए रियल टाइम ट्रैकिंग पोर्टल व मोबाइल एप लॉन्च

■ मुख्यमंत्री ने जिला नगर आयुक्तों और नगर निगम आयुक्तों के साथ बैठक में किया शुभारंभ

**सफाई में नहीं होगी ढिलाई**

- मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश, स्वच्छता हमारी पहली प्राथमिकता, सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ करें काम
- लोकेशन बेस्ड ट्रैकिंग से सफाई में नहीं होगी कोताही
- प्रत्येक नागरिक अपने क्षेत्र और एरिया में चलने वाली गाड़ी की लाइव ट्रैकिंग देख सकेगा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्वच्छता कार्यक्रम को और अधिक गति देने तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए बुधवार को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की निगरानी हेतु रियल टाइम ट्रैकिंग पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। इस डिजिटल पहल से नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में लाइव लोकेशन के आधार पर कचरा संग्रहण के कार्य में लगी गाड़ियां और मैनपावर की सटीक जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध हो सकेगी। प्रत्येक नागरिक अपने क्षेत्र और एरिया में चलने वाली गाड़ी की लाइव ट्रैकिंग देख सकता है। इस कदम से यह भी सुनिश्चित होगा कि हर घर से नियमित रूप से कचरा उठाया




जा रहा है या नहीं। वर्तमान में 37 नगर पालिकाएं इस पोर्टल पर लाइव हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री यहां जिला नगर आयुक्तों (डीएमसी) और नगर निगम आयुक्तों (एमसी) के साथ एक अहम बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल भी मौजूद रहे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की गई।शहरों में लेगसी वेस्ट पर सख्त निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी शहर में कूड़े-कचरे के ढेर नहीं दिखाई दिए जाने चाहिएं। सरकार का लक्ष्य शहरों को स्वच्छ बनाना है। इसलिए सभी अधिकारियों को जिम्मेवारी के साथ काम करने की आवश्यकता है। स्वच्छता हमारी पहली प्राथमिकता है।

#### बेहतर प्रदर्शन करने पर सम्मान

मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सफाई कर्मियों की हाजिरी लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो निकाय स्वच्छता के मामले में बेहतरीन प्रदर्शन करेगी, उसे सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने वाले एजेंसी कॉन्ट्रैक्टर को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है कि आज भी सीवरेज सफाई के दौरान जानी नुकसान होता है। इसलिए ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि सीवरेज सफाई से पहले सुरक्षा जांच अनिवार्य की जाए। यह चेक किया जाए कि सीवरेज में किसी प्रकार की गैस या अन्य जानलेवा रसायन की उपस्थिति न हों। उन्होंने सड़कों के मरम्मत को भी दिशा निर्देश दिए।

# नए जिलों व तहसीलों की घोषणा जल्द संभव, कई गांव भी होंगे इधर-उधर

■ कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में नए जिले और तहसील बनाने की कवायद

**घंटों मंथन**

सब-कमेटी की बैठक में घंटों विचार मंथन, कई गांवों को दूसरी तहसील में शिफ्ट करने की सिफारिश

■

कमेटी ने सिरसा के मलिकपुर, किंगरे, नौरंग, बनवाला और मिठड़ी को तहसील कालांवाली से तहसील डबवाली में शामिल करने की सिफारिश

■

यमुनानगर में चाहड़वाला को उप—तहसील सरस्वती नगर से तहसील बिलासपुर में शामिल करने और गांव रुपोली को तहसील रादौर से उप—तहसील सरस्वती नगर में शामिल करने की सिफारिश

■

झज्जर में बिलोचपुरा भिण्डावास और शाहजहांपुर को माननहेल से झज्जर तहसील में शामिल करने की सिफारिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में सब कमेटी की बैठक में चार मुख्य फैसले लिए गए। कमेटी ने जिला यमुनानगर में गांव चाहड़वाला को उप—तहसील सरस्वती नगर से तहसील बिलासपुर में शामिल करने और गांव रुपोली को तहसील रादौर से उप—तहसील सरस्वती नगर में शामिल करने की सिफारिश की। साथ ही, जिला सिरसा के गांव मलिकपुर, किंगरे, नौरंग, बनवाला और मिठड़ी को तहसील कालांवाली से तहसील डबवाली में शामिल करने की भी सिफारिश की गई। इसी तरह जिला झज्जर में गांव बिलोचपुरा, भिण्डावास और शाहजहांपुर को माननहेल से झज्जर तहसील में शामिल करने की सिफारिश की। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा व राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा वित्तायुक्त, राजस्व डॉ. सुमिता मिश्रा उपस्थित रहे।

■ बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा व राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा वित्तायुक्त, राजस्व डॉ. सुमिता मिश्रा उपस्थित रहे

### 69 प्रस्ताव मिले, कुछ पर सहमति बनी : पंवार



पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रदेश में नए जिले, तहसील, सब तहसील के संबंध में सब कमेटी गठित की हुई है। इस कमेटी के समक्ष समय— समय पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा उनके गांवों को तहसील व उप—तहसील में स्थानांतरित करने के संबंध में 69 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। आज की बैठक में कुछ प्रस्तावों पर सहमति बनी है और कमेटी ने उपरोक्त सिफारिशें की है।

### उपायुक्तों को दोबारा रिपोर्ट तैयार कर भेजने के निर्देश जारी

उन्होंने बताया कि शेष प्रस्तावों के संबंध में जिला उपायुक्तों को दोबारा रिपोर्ट तैयार करके आगामी बैठक तक भेजने के निर्देश दिए है। संबंधित जिला उपायुक्त द्वारा भेजी गई सिफारिशों के आधार पर यदि मानदंड सही पाए जाएंगे तो उसकी रिपोर्ट तैयार करके अंतिम मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष भेजी जाएगी।

**तैयारी**

### जिला और उपमंडल के लिए ये मानदंड निर्धारित

उपमंडल के लिए यह मापदंड 40 या इससे अधिक गांव, एक या उससे अधिक तहसील/उप तहसील, 15 या इससे अधिक पटवार सर्कल, ढाई लाख या इससे अधिक जनसंख्या,15 हजार हेक्टेयर या इससे अधिक क्षेत्रफल व जिला मुख्यालय से दूरी 10 किलोमीटर या इससे अधिक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि नए जिलों के मामलों में यह मानदंड 125 से 200 गांव, एक या दो उपमंडल, एक से तीन तहसील या उप तहसील, चार लाख या इससे अधिक की जनसंख्या, 80 हजार हेक्टेयर या इससे अधिक क्षेत्रफल तथा किसी अन्य जिला मुख्यालय से दूरी 25 से 40 किलोमीटर होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कमेटी के पास अब तक गोहाना, हांसी, असंध, सफीदों डबवाली को नए जिला बनाने के प्रस्ताव आ चुके हैं। पंवार ने बताया कि सब तहसील बनाने के लिए निर्धारित मानदंडों में 10 से अधिक गांव, 5 से 10 पटवार सर्कल, 60 हजार से अधिक जनसंख्या, 15 हजार हेक्टेयर या इससे अधिक क्षेत्रफल तथा उप मंडल मुख्यालय 15 किलोमीटर की दूरी पर होना चाहिए। तहसील के लिए निर्धारित मापदंडों में 20 या इससे अधिक गांव, दो उप-तहसील, पांच से अधिक पटवार सर्कल, 80 हजार या अधिक जनसंख्या,15 हजार हेक्टेयर या अधिक क्षेत्रफल तथा एक उपमंडल से दूरी 15 किमी. होनी चाहिए।

**सार्वजनिक नीलामी सुचना**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजौंद के निम्न विवरण अनुसार सामान की सार्वजानिक नीलामी दिनांक 09-06-2025 को प्रातः 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजौंद के प्रांगण में जैसे है जहाँ के आधार पर करवाई जाएगी।
स्क्रैप सामान : (लोहा, चिपस. GI पाइप plastic, ताम्बा, लकड़ी, एल्युमीनियम, पुराने अख़बार की रद्दी इत्यादि)। इच्छुक पार्टियां सामान का निरिक्षण दिनांक 03-06-2025 से 04-06-2025 तक प्रातः 10 बजे से सांय 3 बजे तक संस्थान में आकर कर सकते हैं। इच्छुक बोलीदाता को बोली से पूर्व 5000/- नकद सिक्योरिटी राशि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजौंद में करवानी होगी। सफल बोलीदाता को बोली उपरांत बोली की 50 प्रतिशत राशि सामान उठाने से पूर्व दिनांक 10-06-2025 को सांय 3 बजे तक संस्थान में जमा करवानी होगी अन्यथा बोली रद्द समझी जाएगी। बोली राशि पर जीएसटी विभागीय नियमानुसार या जो भी वर्तमान में निर्धारित है। अलग से देय होगा। सफल बोलीदाता को दिनांक 12-06-2025 तक सामान संस्थान से उठाना होगा अन्यथा प्रतिदिन 2 प्रतिशत पेनल्टी देय होगी। निम्न हस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये बोली रद्द करने / नियम व शर्ते को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता/- प्रधानाचार्य
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजौंद
दूरभाष : 7307105678

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :—

SW/JSO/1412
मनकि देवेन्द्र सिंह पुत्र बलबीर सिंह पुत्र कुड़े, निवासी एवं बिस्वेदार गांव याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा), में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020—21, व इन्तकाल न0 5511 विरासत, 5636 तकसीम, के अनुसार अराजी खेवट न0 4 मिन/4 मिन, खाता न0 4 मिन, मु0 न0 34, किला न0 10(3—4), 11(0—17), किते 2, तादादी रकबा 4 कनाल 1 मरला व खेवट न0 6 मिन/6 मिन, खाता न0 6 मिन, मु0 न0 35, किला न0 6/1 (3—11) में से मिन पूर्व (0—8), 14(7—8) में से मिन दक्षिण (4—17), 15(8—0) में से मिन पूर्व दक्षिण (5—7), 16/1(6—18), किते 4, तादादी रकबा 17 कनाल 10 मरले सालम भाग व खेवट न0 13 मिन/13 मिन, खाता न0 13 मिन, मु0 न0 33, किला न0 2/2/2(3—11), 9/1(1—7), किते 2, तादादी रकबा 4 कनाल 18 मरले सालम भाग, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 26 कनाल 9 मरले (3.30625 एकड़) वाका रकबा मौजा याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 26 कनाल 9 मरले (3.30625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1413
मनकि सीमा रानी पत्नी आदित्य पुत्र देवीदत्त, निवासी गांव पाल्हावास, रेवाड़ी, हरियाणा—123035 एवं बिस्वेदार गांव याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020—21 व इंतकाल न0 5620 बैय, 5636 तकसीम के अनुसार अराजी खेवट न0 4 मिन/4 मिन, खाता न0 4 मिन, मु0 न0 39, किला न0 12/2 (1—1), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 1 मरला सालम भाग व खेवट न0 13 मिन/13 मिन, खाता न0 13 मिन, मु0 न0 33, किल न0 1/1/1(4—18), 2/2/1(1—5), किते 2, तादादी रकबा 6 कनाल 3 मरले सालम भाग, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 7 कनाल 4 मरले (0.9 एकड़) वाका रकबा मौजा याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर की मालिक व काबिज है, जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 7 कनाल 4 मरले (0.9 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 28.05.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0—285, सैक्टर—14,
गुरुग्राम — 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र में होगा राज्य स्तरीय समारोह



- लगभग एक लाख से भी अधिक लोगों की होगी भागीदारी : सीएम
- हरित योग के माध्यम से प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेकर 10 लाख पौधारोपण का लक्ष्य

**चंडीगढ़।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को पूरा हरियाणा योगमय नजर आएगा। इस उपलक्ष्य पर जिला कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग एक लाख से भी अधिक लोगों की भागीदारी होगी। इस कार्यक्रम में योग गुरु बाबा रामदेव भी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शनरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से वर्ष 2015 से हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने जब यूएनओ में प्रस्ताव रखा, उस समय 177 देशों ने समर्थन किया था। आज पूरी दुनिया ने योग को अपनाया है।

उन्होंने कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों के लिए आज आयुष विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। पूरा हरियाणा योगमय हो, ऐसा वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि योग हमारे देश की प्राचीन परंपरा है। यह केवल शारीरिक कसरत नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण जीवनशैली है। योग ने स्वास्थ्य के प्रति हमें जागरूक रहने का माध्यम प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सभी अपने जीवन में योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और 'स्वस्थ भारत' की ओर एक और कदम बढ़ाएं।उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा, जिला स्तरीय कार्यक्रम भी सभी जिलों में होंगे। खंड स्तर पर भी योग के कार्यक्रम होंगे।

### फसलों का एमएसपी बढ़ाने का स्वागत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विपणन सीजन 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि करने का एक और किसान-हितैषी निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह निर्णय किसानों की आय दोगुनी करने की सरकार की प्रतिबद्धता की दिशा में एक और कदम है। प्रवक्ता ने बताया कि धान (सामान्य) का एमएसपी मौजूदा 2300 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो वर्ष 2013-14 के मुकाबले 81 प्रतिशत की वृद्धि है। जबकि ए-ग्रेड धान का एमएसपी मौजूदा 2320 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2389 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

### एमएसपी में बढ़ोतरी नाकाफी : भूपेंद्र हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने धान व अन्य फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी के ऐलान को नाकाफी बताया है। उन्होंने कहा कि यह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। धान की एमएसपी में मात्र 69 रुपए यानी 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है, जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हर साल लगभग 14 से 15 प्रतिशत बढ़ोतरी होती थी। यानी कांग्रेस सरकार बीजेपी के मुकाबले लगभग 5 गुणा ज्यादा रेट देती थी। हुड्डा ने कहा कि भाजपा कार्यकाल के दौरान महंगाई लगातार आसमान छू रही है। पेट्रोल-डीजल के दामों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री गुलशन कुमार श्रीमती देप्पो देवी गुरू किरपा मशरूम फार्म श्रीमती देप्पो देवी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10432809) | गांव बोहल्ला खालसा, तहसील निगधू, जिला करनाल, हरियाणा 132157 में स्थित खेवट नं. 190, खतौनी नं. 264 में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2518.30, 1510.00, 1283.50 | रु. 2175493/- (रुपये इक्कीस लाख पचहत्तर हजार चार सौ तिरानवे केवल) | 13/02/2025 | 26/05/2025 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सैक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।
स्थान : हरियाणा, दिनांक : 29.05.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

# कोविड को लेकर अलर्ट पर स्वास्थ्य विभाग

## जीनोम को लेकर नई स्वदेशी मशीन खरीदने की तैयारी : राव

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने साफ कर दिया है कि कोविड के नए केस को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सावधानी रखने की जरूरत है। फिलहाल, केंद्र की ओर से कोई एडवाइजरी जारी नहीं की गई है, जिसके आते ही उसका पालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त के लिए हमने वेंटिलेटर, दवा व बाकी इंतजाम दुरुस्त रखने के लिए कहा गया है। मंत्री ने साफ कर दिया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के अस्पतालों में मरीजों के लिए डायलिसिस की सुविधा को मुफ्त कर दिया था जल्द ही इसकी वे समीक्षा करेंगी कि वास्तव में इसका फायदा कितने परिवारों को हो रहा है। मंत्री ने कहा कि इस बारे में विभाग के अफसरों से हमने सभी जिलों का ब्योरा मांगा है। मंत्री ने सूबे में चिकित्सकों की कमी को लेकर भी कहा है कि आने वाले वक्त में प्रदेश के अस्पतालों में दवा और उपकरणों की कमी नहीं हो इस बारे में स्पष्ट आदेश कर दिए गए हैं।

### केंद्र की कोई एडवाइजरी नहीं : स्वास्थ्य मंत्री



मंत्री ने कहा कि अभी फिलहाल, हमारे पास में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से कोई दिशा निर्देश नहीं मिले हैं। उसके बाद भी हमने लोगों से भीड़ भाड़ से बचने और सैनिटाइजर का प्रयोग करने सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। राज्य के सभी अस्पतालों में मेडिकल पैरामेडिकल स्टाफ सभी को दोबारा से ट्रेनिंग की व्यवस्था करने को कहा गया है। मंत्री ने कहा कि आने वाले वक्त में मरीज बढ़े, तो हमारी तैयारी पूरी है, क्योंकि शहरी एरिया में यह ज्यादा फैलता है, जबकि गांवों में हालात फिर भी नियंत्रण वाले हालात रहते हैं।

### पीजीआई की मशीन ठीक नहीं हो सकी

प्रदेश की नायब सैनी सरकार और राज्य की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने पीजीआई रोहतक में खराब पड़ी जीनोम मशीन को लेकर कहा कि इसको ठीक कराने के लिए काफी प्रयास कर लिए गए हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंत्री ने साफ कर दिया है कि पहले यह विदेशी मशीन खरीद की गई थी लेकिन आने वाले वक्त में स्वदेश में निर्मित मशीन ही खरीदी जाएगी। मंत्री ने कहा कि खुद पीएम नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि अपने देश में ही इस तरह के उपकरण तैयार किए जाएं। प्रदेश के अंदर फिलहाल, हालात नियंत्रण में है क्योंकि अभी तो मात्र 12 ही केस हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिला (एमडीआर-135) में उत्तावर सिकरावा, भादस रोड (आईडी 11131) आरडी 0.00 से 0.20 कि.मी. और आरडी 2.40 से 3.10 कि.मी. पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत। (कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) (ग्रुप-I) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 181.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में 81.90 कि.मी. पर कलानौर से कैल रोड पर आरओबी के नीचे अंडरपास का निर्माण। | 27.05.2025 05.06.2025 | 106.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में करनाल कैथल रोड (एसएच-08) (आईडी 7080) (कि.मी. 56.40 से 69.40) की विशेष मरम्मत (डब्ल्यू.पी. 2025-26 के तहत)। | बंद होने की तिथि 16.06.2025 | 1755.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 4 | जिला परिषद सोनीपत | गांव नांगल कलां में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 10 कार्य। | 27.05.2025 05.06.2025 | 709.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज कैथल | गांव कमालपुर खण्ड कलायत में संदिल मण्डी रोड पर शमशान घाट की चारदिवारी और शैड का निर्माण। | 27.05.2025 02.06.2025 | 14.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज झज्जर | 8.50 - गांव बामनौली, खण्ड बहादुरगढ़ में राजेन्द्र के प्लॉट से अतुल के मकान तक गली का निर्माण + 1 कार्य। | 27.05.2025 03.06.2025 | 22.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव अलीपुर खालसा, खण्ड घरौंडा, जिला करनाल में महिला मीटिंग हॉल का निर्माण + 4 कार्य। | 27.05.2025 16.06.2025 | 45.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज कैथल | गांव कौल में बलवान सिंह पटेरकर के मकान से मुख्त्यार सिंह के मकान तक गली का निर्माण। | 27.05.2025 02.06.2025 | 12.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 9 | सिविल सर्जन, पंचकूला | वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, पंचकूला के लिए समवर्ती अंकेक्षक की नियुक्ति के लिए विज्ञापन का प्रकाशन। | 02.06.2025 17.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722573907 dhs.cspkl@hry.nic.in |
| 10 | श्री अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय छैनसा, फरीदाबाद | वैधानिक निकायों से अनुमोदन प्राप्त करने जैसे एसईआईएए से पर्यावरणीय अनापत्ति, सहमति (???/???), एचएसपीसीबी से स्कीम बीएमडब्ल्यू ऑथोराइजेशन इत्यादि के लिए ई-निविदा सूचना, छैनसा, फरीदाबाद में 470 बिस्तर वाले हस्पताल श्री अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय और हस्पताल | 26.05.2025 23.06.2025 | ईएमडी 17.400 | https://etenders.hry.nic.in | 1292840600 dirsabvgmc-fbd.dmer@hry.gov.in |
| 11 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य योजनाओं के तहत मशीनरी और उपकरण (7 एम एंड ई मदें) की खरीद। | 28.05.2025 27.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य योजनाओं के तहत मशीनरी और उपकरण (13 एम एंड ई मदें) की खरीद। | 28.05.2025 27.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य योजनाओं के तहत मशीनरी और उपकरण (19 एम एंड ई मदें) की खरीद। | 28.05.2025 27.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | सम्पूर्ण प्रणाली की सात वर्ष की वारंटी सहित रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम सहित सोलर स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 28.05.2025 27.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | एसआईईटीएस में डिग्री कोर्सेज (बी.टेक.) की सिविल इंजीनियरिंग शाखाओं के लिए मशीनरी और उपकरण (एम एंड ई) मदों की खरीद। | 28.05.2025 27.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 16 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मद तक मदें निहित सूची अर्थात स्पेक्टोमीटर (01 मदों का सिंगल लॉट)* | 29.05.2025 24.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 17 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 86 मदें तक मदें निहित सूची (86 मदों का सिंगल लॉट)* | 29.05.2025 24.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 18 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 03 मदें तक मदें निहित सूची (03 मदों का सिंगल लॉट)* | 29.05.2025 24.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/360/35195/I/88/6 दि. 28.05.25





# स्कूल में बंदर का हमला, 9 छात्राओं को हाथ-पैर पर काटा, दांत मारे, स्कूल बंद

- पीएमश्री कन्या विद्यालय मुरथल में बंदर ने मचाया उत्पात, 4 को नोंचा, 4 को खरोंचें और 1 को काट लिया
- शिक्षिकाओं ने साहस दिखाते हुए भगाया बंदर को, घायल छात्राओं को ले जाया गया अस्पताल
- पहले भी दो शिक्षिका और छात्राओं को काट चुके हैं बंदर


सोनीपत। हथेली पर चोट दिखती छात्रा।


चोट दिखाती छात्रा।


अध्यापिकों के साथ छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एक ओर जहां स्कूलों को शिक्षा और सुरक्षा का केंद्र माना जाता है, वहीं जिले के मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को घटित घटना ने इन मानकों पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया। विद्यालय परिसर में एक उग्र बंदर के घुस आने और छात्राओं पर हमले की घटना से अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद न केवल छात्राएं दहशत में रहीं, बल्कि स्कूल प्रशासन को भी सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से कठघरे में ला खड़ा किया। सुबह प्रार्थना के बाद बंदर कक्षा 9वीं के ब्लॉक में जा घुसा। यहां बंदर ने 4 छात्राओं को नोच डाला व एक छात्रा को काट लिया। वहीं, 4 अन्य छात्राओं को भी हल्की खरोंच लगी है। छात्राओं का नागरिक अस्पताल में इलाज करवाकर घर भेज दिया गया। प्राचार्य सुमन बाला ने जिला शिक्षा अधिकारी से बातचीत कर विद्यालय की छुट्टी कर दी। पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुरथल में बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब प्रार्थना सभा के बाद एक बंदर विद्यालय परिसर में घुस आया और कक्षा 9वीं के ब्लॉक में उत्पात मचाने लगा। पहले बंदर ने विद्यालय परिसर में छात्राओं व शिक्षकों के कंधों पर बैठकर उत्पात मचाना शुरू किया। देखते ही देखते वह कक्षा 9वीं के ब्लॉक में जा घुसा। इससे छात्राओं में अफरा-तफरी मच गई। छात्राएं चीखने-चिल्लाने लगी तो बंदर ने कक्षा 9वीं की छात्रा संजना, राधिका, आंचल, खुशी को हाथ व पैर पर नोच लिया, प्रिया को हथेली पर काट लिया। इनके अलावा 4 अन्य छात्राओं को भी हल्की खरोंच मार दी। शिक्षिकाओं ने साहस दिखाते हुए बंदर को भगाया। घटना के बाद स्कूल में छुट्टी घोषित कर दी गई ।

### पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं

शिक्षिका किरण के अनुसार विद्यालय में लगभग 2000 छात्राएं और करीब 100 शिक्षक कार्यरत हैं। विद्यालय में मिड-डे मील के दौरान 520 विद्यार्थियों के लिये भोजन की व्यवस्था की जा जाती है, जिस दौरान बंदरों का आना आम बात है। पहले भी दो शिक्षिका व कुछ छात्राओं के साथ बंदरों के काटने की घटना हो चुकी है। विद्यालय में पढ़ाई के दौरान ही अचानक बंदर आ जाते हैं।

### उपचार के बाद छात्राओं को घर भेज दिया गया

विद्यालय में अचानक एक बंदर कक्षा 9वीं के ब्लॉक में घुस आया, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था। उसने एक छात्रा को काट लिया और चार अन्य को नोंच लिया। प्राथमिक उपचार के बाद छात्राओं को घर भेज दिया गया है। स्थिति को देखते हुए स्कूल की छुट्टी कर दी गई है। **-सुमन बाला, प्राचार्या, पीएमश्री कन्या विद्यालय, मुरथल अड्डा।**

## मंडी अटेली में पालतू कुत्ते ने बुजुर्ग महिला को काटा, केस

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव में पालतू कुत्ते ने बुजुर्ग महिला को काट लिया। बुजुर्ग महिला की शिकायत पर पालतू कुत्ते के मालिक पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। अटेली क्षेत्र के गांव कुंजपुरा निवासी संतोष देवी ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि वह घरेलू कार्य करती है उसकी उम्र 65 वर्ष है। गत 26 मई को लालराम के घर दुध लेने जा रही थी। जब वह सायं सात बजे आंगनबाड़ी केन्द्र से सराय बहादुर रोड़ पहुंची तो प्रदीप अपने पालतु कुत्ते बेल से बांधकर घुमा रहा था। जब पास पहुंची तो प्रदीप ने कुत्ते कि बेल गले से खोल दी। बेल खोलते ही उस पालतू कुत्ते ने झपट कर दाहिनें पैर को काट लिया। उसके हाथ में दूध की डोली थी जिससे उसे पालतू कुत्ते को हटाया। उसके बाद भी प्रदीप ने उस पालतू कुत्ते को नहीं पकड़ा। घर जाकर पति शीशराम को बताई तो उसका पति शीशराम प्रदीप के पास गया जो रास्ते मे कुत्ते के साथ मिल गया और उसके पति के साथ भी प्रदीप ने बदतमीजी कर बोला दोबारा आएगा तो यह कुत्ता उसके ऊपर छोड़ देगा।


कुरुक्षेत्र। एनाया को शुभकामनाएं देते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## सीएम ने नशे के विरुद्ध माउंट एवरेस्ट बेस कैंप फतेह करने वाली एनाया को दी शुभकामनाएं

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नशे के विरुद्ध माउंट एवरेस्ट बेस कैंप फतेह करने पर जाने वाले 9 वर्षीय एनाया सौदा को कुरुक्षेत्र सीएम कार्यालय में सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए अभियान चलाया हुआ है। इसमें हर वर्ग के नागरिक बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। अब तो बच्चे भी अभियान में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुछ समय पहले ही पूरे प्रदेश में साइक्लोथॉन के माध्यम से नशे अभियान चलाकर प्रदेशभर के युवाओं, खिलाड़ियों, बुजुर्गों व महिलाओं को जागरूक किया। सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई हुई हैं। परिजनों ने बताया कि 14 मई 2025 को साढ़े 9 वर्षीय एनाया सौदा ने माउंट एवरेस्ट बेस कैंप को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

### मृतक के पिता की शिकायत पर केस दर्ज

## छेड़छाड़ के आरोपों से आहत युवक ने जहर निगलकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव खरकबूरा के युवक ने छेड़छाड़ के आरोपों से आहत होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खरकबूरा निवासी विकास (23) ने गत दिवस संदिग्ध हालात के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसे गंभीर हालात में उचाना के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसकी गंभीर हालात देख मेडिकल कालेज अग्रोहा रेफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान विकास की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के पिता वकील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उचाना निवासी राजेंद्र ने उसके बेटे विकास के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। जिसका पंचायती तौर पर समझौता हो गया था।

## नाबालिग से यौन शोषण करने वाले को 20 साल की कैद

**नारनौल।** नाबालिग से सेक्सुअल असॉल्ट करने के मामले में न्यायालय ने दोषी को 20 साल कठोर कारावास की सजा व एक लाख 50 हजार का जुर्माना लगाया है। केपी सिंह स्पेशल कोर्ट अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट, पॉक्सो नारनौल की कोर्ट ने दोषी मोनू को धारा छह पॉक्सो एक्ट के तहत 20 साल कठोर कारावास, धारा 366 आईपीसी के तहत सात साल कठोर कारावास, धारा 363 आईपीसी के तहत पांच साल कठोर कारावास व एक लाख 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। मामले के अनुसार दिसंबर 2022 में नाबालिग पीड़िता के परिजनों के बयान पर केस दर्ज कराया था।


## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**नूंह।** नूंह जिले में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के गंभीर मामले में अदालत ने दोषी नसीम पुत्र हारून निवासी रूपाहेड़ी थाना रोजका मेव को 20 साल की कठोर कैद और 70,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला विशेष पॉक्सो अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. आशु संजीव तिंजान ने सुनाया। पुलिस व विशेष अभियोजक से मिली जानकारी के अनुसार यह मामला मई 2022 का है। जब 16 वर्षीय पीड़िता, अपने खेतों में चारा लेने के लिए निकली थी। इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो युवक आए। जिन्होंने जबरन उन्हें उठा लिया युवकों ने उसके साथ बारी - बारी से दुष्कर्म किया था।


## घरौंडा के यूको बैंक में दीवार तोड़कर सेंधमारी की कोशिश

### स्ट्रांग रूम तक नहीं पहुंच पाए, लाखों की नकदी बची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



जीटी रोड स्थित यूको बैंक में मंगलवार देर रात चोरी का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने बैंक की पिछली दीवार को तोड़कर भीतर घुसने की कोशिश की, लेकिन वे अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके। बुधवार सुबह जब बैंक के कर्मचारी रोज़ की तरह कार्यालय पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि बैंक की एक दीवार टूटी हुई है। इस पर उन्होंने तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित किया और मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दीपक कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि चोरों ने बैंक की सीढ़ियों की तरफ वाली दीवार को तोड़कर भीतर प्रवेश किया था। बैंक के अंदर कुछ कंप्यूटर इधर-उधर बिखरे हुए मिले हैं। साथ ही, एक कुर्सी पर फालीनुमा हथियार भी बरामद किया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि चोर अपने साथ हथियार लेकर आए थे। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि फिलहाल बैंक से किसी भी प्रकार की नगदी या दस्तावेज़ की चोरी नहीं हुई।



# आईपीएल 2025 : सूर्यवंशी ने लगाया रिकॉर्ड शतक, म्हात्रे ने किया कारनामा और पंत करते रहे संघर्ष

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत ने आखिरकार लखनऊ सुपर जायंट्स के अंतिम लीग में शतक जड़कर कमाल कर दिया लेकिन टीम जीत से चूक गई जबकि अक्षर पटेल की दिल्ली कैपिटल्स अच्छी शुरुआत के बाद राह से भटक गई। पूर्व विजेता चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और सनराइजर्स हैदराबाद ने पूरे टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन किया। इस साल आईपीएल के 70 मैच के शुरुआती दौर को खत्म होने में 10 दिन के ब्रेक सहित कुल 67 दिन लगे और अभी तक टूर्नामेंट के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले। प्लेऑफ शुरू होने से पहले अब तक का उतार-चढ़ाव का सफर इस प्रकार है ।

### युवाओं ने बिखेरा जलवा


राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी जब पिछले दिसंबर में 'मेगा नीलामी' में चुने गए थे तो उनकी उम्र 13 साल थी और मई में 14 साल की उम्र में वह गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद पर आईपीएल में सबसे तेज शतक और अब तक दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए। भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भी शतक लगाने वालों खिलाड़ियों में शामिल थे। इस सूची में पंजाब किंग्स के 'अनकैप्ड' प्रियांश आर्य भी शामिल थे जिन्होंने अपना पहला आईपीएल शतक जड़ा। प्रभसिमरन सिंह ने भी दिखाया कि उनमें दम है जबकि आयुष म्हात्रे ने अपने प्रदर्शन से चेन्नई सुपर किंग्स को मुस्कुराने का मौका दिया।

### हैदराबाद की खराब फॉर्म

पिछले साल की उपविजेता एसआरएच सबसे खतरनाक बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ उतरी थी लेकिन उसका आक्रामक रवैया पूरी तरह विफल रहा। एसआरएच ने आईपीएल की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह विकेट पर 286 रन से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर की और समापन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट पर 278 रन से तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर किया। टीम के पास बल्लेबाजी के लिए कोई 'प्लान बी' नहीं था जिसमें नितीश कुमार रेड्डी ने काफी हद तक निराश किया और पावरप्ले में गेंदबाजी करने के लिए एक बेहतरीन स्पिनर नहीं होने से उन्हें नुकसान हुआ।



### चेन्नई ने सीखा सबक



सीएसके ने इस साल सबक सीखा क्योंकि उसे युवा प्रतिभाओं को बेंच पर रखने और सिर्फ एमएस धोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की अपनी रणनीति को छोड़ना पड़ा। 17 वर्षीय मुंबई के बल्लेबाज म्हात्रे ने टीम की परेशानियों के बावजूद अच्छा प्रदर्शन किया जबकि दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस ने अंत में शानदार प्रदर्शन किया। अफगानिस्तान के 20 वर्षीय नूर अहमद सीएसके के सबसे सफल स्पिनर रहे जबकि आर अश्विन और रविंद्र जडेजा अन्य विकल्प थे।

### सुदर्शन की दमदार बल्लेबाजी



युवा सुदर्शन ने दिखाया कि जोखिम लिए बिना भी रन जुटाए जा सकते हैं। वह अभी तक 670 से ज्यादा रन बनाकर सूची में शीर्ष पर है और इसका ईनाम उन्हें इंग्लैंड के टेस्ट दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने से मिला। गुजरात टाइटन्स का यह बल्लेबाज इस सत्र के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल रहा।

### मुंबई का चैंपियन की तरह प्रदर्शन

मुंबई इंडियंस ने हमेशा ही तरह धीमी शुरुआत करने के बाद प्लेऑफ में जगह बनाई। पहले पांच मैच में चार हार के साथ शुरुआत करने के बाद हार्दिक पंड्या की टीम अगले छह मैच जीतकर शीर्ष टीमों में पहुंच गई। रोहित शर्मा और तिलक वर्मा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन सूर्यकुमार यादव ने दिखाया कि वह इसमें सर्वश्रेष्ठ क्यों है। जसप्रीत बुमराह ने 10 मैच में 17 विकेट चटकाए हैं।

### मार्श और पूरन का दबदबा

पहले आठ मैच में पांच जीत ने लखनऊ सुपर जायंट्स को अंतिम चार में जगह बनाने का मौका दिया, लेकिन पंत का बल्ले से खराब प्रदर्शन, मध्य क्रम में गहराई की कमी और गेंदबाजी में विविधता की कमी के कारण वे फिर से प्लेऑफ से चूक गए। लेकिन मिचेल मार्श, निकोलस पूरन और एडेन मारक्रम ने उन्हें मजबूती दी।

### पंजाब किंग्स का उदय

पिछले एक साल में कप्तान श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि वह हमेशा संघर्ष करने वाली टीम के बदलाव के सूत्रधार रहे। दृढ़ अय्यर और ऑस्ट्रेलियाई रिकी पोंटिंग जैसे कोच के साथ इस बात में कोई संदेह नहीं था कि पीबीकेएस को हराना काफी मुश्किल होगा और केकेआर के खिलाफ सबसे कम स्कोर (111 रन) का बचाव करने जैसा प्रदर्शन इसका एक उदाहरण है।

### गिल की टाइटंस ने भरी उड़ान

तीन साल पहले गुजरात टाइटंस में शामिल होने के बाद से उन्होंने प्रत्येक सत्र में कम से कम 400 रन तो बनाए ही हैं लेकिन गिल ने सिर्फ उदाहरण ही पेश नहीं किया बल्कि यह सुनिश्चित किया कि उनकी टीम राशिद खान जैसे मुख्य गेंदबाज की खराब फॉर्म के बावजूद दौड़ में आगे रहे।





### राजस्थान के लिए खराब सत्र

संजू सैमसन की फिटनेस और अन्य खिलाड़ियों में जज्बे की कमी के कारण टीम निचले स्थान पर रही सीएसके से ऊपर रही। जोस बटलर, अश्विन, युजवेंद्र चहल और ट्रेंट बोल्ट जैसे खिलाड़ियों से अलग होने से उसका संतुलना शायद कुछ ज्यादा ही बिगड़ गया।

### दिल्ली हुई बेपटरी

आईपीएल की शुरुआत में ऐसा लग रहा था कि टीम कोई गलती नहीं करेगी लेकिन लगातार निरंतर प्रदर्शन के मामले में टीम पिछड़ गई। पहले छह में से पांच जीत के साथ शुरुआत करने के बाद टीम तालिका में शीर्ष पर थी लेकिन अचानक गिरावट से अगले आठ में से पांच मैच गंवा बैठी।

### कोलकाता का प्रदर्शन खराब

कप्तान अजिंक्य रहाणे अकेले दम पर डटे रहे, लेकिन फ्रेंचाइजी के सबसे महंगे खिलाड़ी और उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर के लिए सत्र काफी खराब रहा। पहले आठ मैच में पांच हार के साथ गत चैंपियन के लिए प्लेऑफ की दौड़ काफी पहले ही खत्म हो गई थी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 14 | 9 | 4 | 19 |
| बेंगलुरु | 14 | 9 | 4 | 19 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| मुंबई | 14 | 8 | 6 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 14 | 6 | 8 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
679 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
24 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप



#### भारत ने अर्जेंटीना को पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया

**रोसारियो।** गोलकीपर और कप्तान निधि ने लगातार चार गोल बचाए जिससे भारत ने चार देशों के जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान अर्जेंटीना को मैच 1-1 से बराबर छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया। कनिका (44वें मिनट) ने निर्धारित समय में भारत के लिए एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुआंगी ने शूटआउट में गोल करके टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में भारत को जीत दिलाई। अर्जेंटीना ने अच्छी शुरुआत की। मिलग्रोस डेल वैले (10वें मिनट) ने घरेलू टीम को पहले क्वार्टर में बढ़त दिलाई, जबकि भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के गोल से स्कोर बराबर किया।

#### भारतीय महिला हॉकी टीम यूरोपीय चरण के लिए रवाना



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भाग लेने के लिए बुधवार सुबह बेंगलुरु से एम्स्टर्डम के लिए रवाना हुई। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के खिलाफ अपने पहले चार मैचों के लिए लंदन रवाना होने से पहले आठ जून तक एम्स्टर्डम में अभ्यास करेगी। भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम से भिड़ेगा, इसके बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ मैच खेलेगा। इसके बाद भारत 19 जून को एंटवर्प जाएगा, जहां उसे बेल्जियम के खिलाफ अगले दो मैच खेलने हैं। ये मैच 21 और 22 जून को खेले जाएंगे। यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ दो मैचों के साथ होगा।

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप : मिश्रित रिले में स्वर्ण, चार रजत पदक भी कब्जाए

■ रूपल, संतोष, विशाल और सुभा की चौकड़ी ने रचा इतिहास तीन मिनट 18 .12 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड जीता

भाषा ▶▶ गुमी (दक्षिण कोरिया)



भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना खिताब बरकरार रखा जबकि बुधवार को यहां चार और रजत तथा एक कांस्य पदक जीतकर देश ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन अपने पदकों की संख्या को आठ तक पहुंचाया।रूपल चौधरी, संतोष कुमार, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की भारतीय चौकड़ी ने तीन मिनट 18.12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। रूपल ने बुधवार को ही व्यक्तिगत महिला 400 मीटर स्पर्धा में रजत पदक भी जीता। सुभा 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली मिश्रित टीम का भी हिस्सा थी। चीन की टीम तीन मिनट 20.52 सेकेंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रही जबकि श्रीलंका ने तीन मिनट 21.95 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। अधिकांश समय अमेरिका में रहने वाले तेजस्विन शंकर भारत के लिए रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने शामिल रहे। तेजस्विन ने 10 स्पर्धाओं की डेकाथलन प्रतियोगिता में 7618 के स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया। वह चीन के फेई शियांग (7634) से पीछे और जापान के केइसुके ओकुडा (7602) से आगे रहे। प्रवीण चित्रावेल ने पुरुष त्रिकूद में 16.90 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीता। चित्रावेल ने कहा कि बुधवार को परिस्थितियां उनके लिए सामान्य थीं क्योंकि विदेशों में प्रतिस्पर्धा करते हुए वह इससे कहीं अधिक प्रतिकूल परिस्थितियों को खेलने के आदी हैं। उन्होंने कहा, ''आज परिस्थितियां बहुत अच्छी थीं। पहले दो प्रयास में मैं सिर्फ शीर्ष आठ में आना चाहता था। फिर तीसरे प्रयास में मैंने 16.90 मीटर की छलांग लगाई और उसके ठीक बाद बारिश शुरू हो गई। तीसरे प्रयास के बाद हर बार जब मैं कूदता था तो मेरा शरीर भारी लगने लगता था।चित्रावेल ने कहा, ''पहले प्रयास 16.60 मीटर का था, दूसरा 16.67 मीटर और फिर तीसरा 16.90 मीटर का था।

### इन खिलाड़ियों की चांदी

इससे पहले रूपल चौधरी (400 मीटर) और पूजा (1500 मीटर) ने रजत पदक जीते जबकि यूनुस शाह ने पुरुष 1500 मीटर में कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले मंगलवार को गुलवीर सिंह (10,000 मीटर) ने भी स्वर्ण पदक जीता था। रूपल ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 52.68 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया और भारत के लिए दिन का पहला पदक जीता। इसी स्पर्धा में हमवतन विथ्या रामराज 53.00 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। जापान की नानाको मात्सुमोतो (52.17 सेकेंड) ने स्वर्ण जबकि उज्बेकिस्तान की जोनबीबी हुकमोवा (52.79 सेकेंड) ने कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं की 1500 मीटर स्पर्धा में चार मिनट 10.83 सेकेंड के समय के साथ भारत को दूसरा रजत पदक दिलाया। भारत की ही लिली दास चार मिनट 13.81 सेकेंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं।चीन की ली चुनहुई ने चार मिनट 10.58 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान की तोमाका किमुरा ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार मिनट 11.56 सेकेंड के समय से कांस्य पदक अपने नाम किया। रूपल ने 2022 में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रच दिया था। उन्होंने उस समय चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत और महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

## सात्विक-चिराग की जीत से वापसी लक्ष्य चोटिल होने के कारण बाहर



एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ वापसी की। लक्ष्य सेन को निराशा हाथ लगी और उन्हें पीठ के निचले हिस्से में दर्द के होने के कारण शुरुआती दौर के मुकाबले के बीच में ही मैच छोड़ना पड़ा। चिराग की जोड़ी ने मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकाल को केवल 40 मिनट के अंदर 21-16, 21-13 से हराया।

यह 41वीं रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी पर सात्विक और चिराग की दूसरी जीत थी। भारतीय जोड़ी वर्तमान में विश्व में 27वें स्थान पर है। भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सेन को चीनी ताइपे के लिन चुन-यी के खिलाफ अपने पहले दौर के मुकाबले के दौरान चोट के कारण बाहर होना पड़ा। वर्तमान में विश्व में 17वें स्थान पर काबिज सेन ने अच्छी शुरुआत की और पहला गेम 21-15 से जीता। लेकिन विश्व में 19वें नंबर के लिन ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-17 से जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में सेन चोट के कारण रिटायर होने से पहले 5-13 से पीछे चल रहे थे। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गड्डे ने चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट की अमेरिकी जोड़ी को 35 मिनट में 21-16, 21-19 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

## एरिगैसी ने विश्व चैंपियन गुकेश को हराया, नाकामुरा से हारे कार्लसन




एजेंसी ▶▶ स्टावेंजर

विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें दूसरे दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा। ए रि गै सी इस शानदार जीत से संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। दूसरे दौर के एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले मे हिकारु नाकामुरा ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया। कार्लसन ने पहले दौर में गुकेश को हराया था।

छह खिलाड़ियों वाले डबल राउंड-रॉबिन ओपन वर्ग में खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे गुकेश शुरुआती दो राउंड हारने के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। विश्व के चौथे नंबर के भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी 4.5 अंकों के साथ अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। सफेद मोहरों से खेल रहे एरिगैसी ने शुरुआत में बढ़त हासिल कर ली, लेकिन गुकेश की मजबूत रक्षापंक्ति ने अंत में बराबरी का खेल बना दिया। आखिर में मुकाबला रोमांचक बन गया था लेकिन गुकेश समय कम होने के कारण दबाव में आ गए और एरिगैसी इसका फायदा उठाकर चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच को 62 चाल में जीतने में सफल रहे। एरिगैसी तीसरे दौर में फैबियानो कारुआना से खेलेंगे, जबकि गुकेश रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक नाकामुरा के खिलाफ वापसी की उम्मीद करेंगे।

### हम्पी और वैशाली ने किया निराश



महिला वर्ग में भारत के दोनों खिलाड़ियों ने निराश किया। यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी पर शानदार जीत दर्ज की। आर वैशाली चीन की टिंगजी लेई से आर्मागेडन गेम में हार गई। टूर्नामेंट की स्कोरिंग प्रणाली में क्लासिकल प्रारूप में विजेता को तीन अंक मिलते हैं। यदि क्लासिकल बाजी ड्रा हो जाती है, तो खिलाड़ियों को एक-एक अंक मिलता है और फिर आर्मागेडन में वे आधे अंक के लिए खेलते हैं।

### भावनाओं का उतार-चढ़ाव तेजस्विन ने दक्षिण कोरिया में रजत पदक जीता



**नई दिल्ली।** तेजस्विन शंकर ने 'भावनाओं का उतार-चढ़ाव' झेला जब वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में डेकाथलन में दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए और उन्हें स्वर्ण पदक से चूकने का कोई अफसोस नहीं है क्योंकि वह देश के लिए पोडियम पर जगह बनाने में सफल रहे। डेकाथलन में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन ने बुधवार को दक्षिण कोरिया के गुमी में 7618 अंकों के साथ रजत पदक जीता। उन्होंने 2023 सत्र में कांस्य पदक जीता था। तेजस्विन ने संवाददाताओं से कहा, ''स्वर्ण और रजत के बीच का अंतर 16.3 सेकेंड है और यह रजत तथा कांस्य के बीच का अंतर भी है।

## अय्यर की रणनीति और आरसीबी की प्रतिभा के बीच आज होगी जंग

एजेंसी ▶▶ मुल्लांपुर

■ आईपीएल के 18वें सत्र का क्वालीफायर 1 मुकाबला आज शाम 7.30 बजे





श्रेयस अय्यर की प्रेरक नेतृत्व क्षमता की अब तक की सबसे कठिन परीक्षा होगी जब पंजाब किंग्स गुरुवार को आईपीएल के पहले क्वालीफायर में उत्साह से भरी एक अन्य टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मेजबानी करेगा। शीर्ष दो में स्थान प्राप्त करने के बाद इन दोनों टीम से फाइनल में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि पहले क्वालीफायर में हारने के बावजूद उन्हें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। इसका श्रेय अय्यर और रिकी पोंटिंग (मुख्य कोच) की जोड़ी को जाता है जिन्होंने टीम की संस्कृति को बदलकर उसे नया स्वरूप प्रदान किया। दूसरी ओर आरसीबी को नॉकआउट चरण में कई बार हार का सामना करना पड़ा तथा इस बार वह खिताब के सूखे को खत्म करने की उम्मीद कर रही है। उनके अपने शब्दों में खिताब के दोनों दावेदारों के लिए काम अभी आधा ही हुआ है। अय्यर-पोंटिंग की जोड़ी पंजाब किंग्स में शानदार बदलाव लेकर आई है और टीम ने लीग चरण में शुरू से लेकर आखिर तक अच्छा प्रदर्शन किया है। यह संयोजन खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सफल रहा है।

### अहमदाबाद में होगा एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलन महासंघ ने बुधवार को पुष्टि की कि 2026 में एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप एक से 10 अप्रैल तक अहमदाबाद में आयोजित की जाएगी।



पिछले वर्ष एशियाई भारोत्तोलन महासंघ ने अपनी वार्षिक कांग्रेस के दौरान भारत को इसकी मेजबानी का अधिकार सौंपा था। आईडब्लूएलएफ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने बताया, 'एशियाई चैंपियनशिप की तारीखें तय कर दी गई हैं। यह एक से 10 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी।'यह पहली एशियाई चैंपियनशिप होगी जिसका आयोजन अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ की संशोधित भार श्रेणियों के अंतर्गत किया जाएगा।

चार जून को थाईलैंड के खिलाफ होगा भारतीय फुटबॉल टीम का मुकाबला

## सुहैल भारतीय टीम में शामिल, अनवर की वापसी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



मुख्य कोच मानोलो मारक्वेज ने चार जून को थाईलैंड के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए 28 भारतीय टीम की घोषणा की जिसमें जम्मू-कश्मीर के फुटबॉलर सुहैल अहमद भट को शामिल किया है।

थाईलैंड में होने वाला यह मुकाबला एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल दौर के लिए भारत की तैयारियों का हिस्सा है जिसमें टीम 10 जून को हांगकांग का सामना करेगी। श्रीनगर के बेमनिया में रहने वाले 20 वर्षीय सेंट्रल फॉरवर्ड सुहैल अहमद ने पिछले सत्र में मोहन बागान सुपर जायंट्स के इंडियन सुपर लीग के विजयी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। उनसे पहले मिडफील्डर दानिश फारूक टीम में शामिल कश्मीर के खिलाड़ी थे जो 2022 में बहरीन और बेलारूस के खिलाफ दो मैत्री मैच में खेले थे। टीम में खेलने वाले कश्मीर के खिलाड़ियों में मेहराजुद्दीन वाडू काफी चर्चित रहे जिन्होंने 2005 से लेकर 2011 तक 32 मैच खेले थे।

ईस्ट बंगाल के भरोसेमंद सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली की भी टीम में वापसी हुई है जो फरवरी में लगी चोट के कारण बाहर हो गए थे। टीम में करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री भी शामिल हैं जिन्होंने मार्च में टीम की मदद के लिए संन्यास से वापसी की थी। टीम पिछले 10 दिन से कोलकाता में शिविर लगाए है।

### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर:** ऋतिक तिवारी, विशाल कैथ, गुरमीत सिंह, अमरिंदर सिंह। **डिफेंडर:** नोरेम रोशन सिंह, राहुल भेके, चिंगलेनसाना सिंह कोनशाम, अनवर अली, बोरिस सिंह थंगजाम, संदेश झिंगन, आशीष राय, सुभाशीष बोस, मेहताब सिंह, अभिषेक सिंह टेकचाम। **मिडफील्डर:** सुरेश सिंह वांगजाम, महेश सिंह नोरेम, आयुष देव छेत्री, उदंता सिंह कुमाम, लालेंगमाविया राल्टे, लिस्टन कोलाको, आशिक कुरुनियान, ब्रैंडन फर्नांडिस, निखिल प्रभु। **फॉरवर्ड:** सुनील छेत्री, एडमंड लालरिंडिका, मनवीर सिंह, सुहैल अहमद भट, लालियानजुआला छांगटे। मुख्य कोच: मानोलो मारक्वेज, सहायक कोच: महेश गावली, सहायक कोच: बेनिटो मोंटाल्वो, गोलकीपर कोच: मार्क गैमन, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच: जोस कार्लोस बरोसो।

## चिंतन

# औद्योगिक गिरावट आर्थिक ग्रोथ के लिए चिंता की बात

केवल भावनात्मक मुद्दों पर धन व संसाधन को व्यर्थ करने के बजाय सरकार को उद्योग क्षेत्र की मजबूती पर ध्यान देना चाहिए। सुस्ती का सामना कर रही चीन की अर्थव्यवस्था भी भारत के आंकड़ों में तेज जीडीपी वाली अर्थव्यवस्था से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। अमेरिका भी विश्व में आपदा में अवसर के सिद्धांत से ट्रेड वार, टैरिफ वार और रक्षा निर्यात से अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है, जबकि विश्व में सबसे तेज ग्रोथ का तमगा ढो रही भारतीय अर्थव्यवस्था औद्योगिक मोर्चे पर लगातार मात खा रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक, अप्रैल में भारत के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2.7 प्रतिशत रही, जिसका मुख्य कारण विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का कमजोर प्रदर्शन है। पिछले साल यह आंकड़ा 5.2 फीसदी था। आईआईपी दर मार्च संशोधित 3.9 प्रतिशत और फरवरी में 2.7 फीसदी थी। चीन की अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 6.1 प्रतिशत रही, जो भारत से काफी अधिक है। मार्च में चीन की औद्योगिक उत्पादन दर 7.7 फीसदी थी। इससे पहले आठ कोर इंडस्ट्री सेक्टर की वृद्धि दर में काफी कमी दर्ज की गई थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के आठ आधारभूत उद्योगों (कोर सेक्टर) की उत्पादन वृद्धि दर भी अप्रैल में भारी गिरावट के साथ आठ महीने के निचले स्तर 0.5 प्रतिशत पर आ गई, जबकि अप्रैल 2024 में वृद्धि दर 6.9 फीसदी थी। इस गिरावट का मुख्य कारण रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरकों के उत्पादन में गिरावट और पिछले साल की उच्च आधार दर रही। कोर सेक्टर के आठ उद्योग (क्रूड ऑयल, उर्वरक, बिजली, इस्पात, सीमेंट, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और कोयला) आईआईपी में 40.27 फीसदी का योगदान करते हैं। क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) का उत्पादन -2.8 प्रतिशत रहा, जो लगातार चौथे महीने गिरावट में रहा। रिफाइनरी उत्पादों में -4.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो पिछले आठ महीनों में पहली बार है। उर्वरकों का उत्पादन भी -4.2 प्रतिशत गिरा, जो 11 महीनों में पहली गिरावट है। सीमेंट का उत्पादन 6.7 फीसदी की दर से बढ़ा, लेकिन यह वृद्धि दर भी छह महीने के निचले स्तर पर रही। बिजली उत्पादन में भी सिर्फ 1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो सात महीने की सबसे कमजोर दर है। इस्पात (स्टील) की वृद्धि दर घटकर 3 प्रतिशत रह गई। कोर इंडस्ट्री सेक्टर के प्रदर्शन का आईआईपी पर सीधा प्रभाव पड़ता है। कमजोर आईआईपी उद्योग के प्रदर्शन, रोजगार, व्यापार और अर्थव्यवस्था के समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित करेगा। औद्योगिक उत्पादन में गिरावट से रोजगार और वेतन वृद्धि में कमी आएगी, निर्यात पर असर पड़ेगा, वैश्विक निवेश सेंटिमेंट प्रभावित होगा और अंततः महंगाई में वृद्धि होगी। आईआईपी कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन और निवेश को भी प्रभावित करता है। भारत की औद्योगिक कमजोरी को देखते हुए ही लगभग सभी वैश्विक रेटिंग व वित्तीय एजेंसियों ने अपने जीडीपी ग्रोथ अनुमान को संशोधित कर घटा दिया है। एफडीआई में भी कमी दर्ज हुई है। भारतीय कंपनियां भी नए निवेश कम कर रही हैं। जमीनी स्तर पर औद्योगिक क्षेत्रों की हालत सुधारे बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं होगा। अमेरिका व चीन के बीच जारी टैरिफ वार के बाद विश्व में उपलब्ध अवसर का लाभ उठाने के लिए भी भारत को अपने औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत करना होगा। सरकार को 'ऑपरेशन उद्योग' पर भी फोकस करना चाहिए। आर्थिक सुधार, नीतिगत रफ्तार, निवेश, इनोवेशन व घरेलू मांग बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।



कूटनीति
राज कुमार सिंह

# ट्रंप के पाक-प्रेम से सबक सीखे भारत

ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह एक ही श्रेणी में रखा, वह बेहद आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इनकार के बावजूद ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा। अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रंप की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं।

कभी जिन डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी की दोस्ती के चर्चे थे, आज उनमें संवादहीनता का असर अमेरिका और भारत के रिश्तों पर साफ दिख रहा है। बेशक ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी अमेरिका गये। वहां दोनों में बात भी हुई। संभव है, पहलगाम हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर के बीच भी दोनों में बात हुई हो, लेकिन ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भारत के प्रति अमेरिका का व्यवहार एकदम बदला हुआ दिख रहा है। भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव में अचानक संघर्ष विराम कराने और उसमें व्यापार रोकने की धमकी की भूमिका जैसे ट्रंप के दावे इस बदलाव की पराकाष्ठा हैं।

यह बहस का विषय है कि दो देशों के बीच रिश्तों में शासनाध्यक्षों की मित्रता की कोई भूमिका रहती भी है या फिर देशों के हित ही निर्णायक होते हैं? लेकिन ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह 'महान देश' बताते हुए एक ही श्रेणी में रखा, वह बेहद आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इनकार के जगजाहिर स्टैंड के बावजूद ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा। अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रंप की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं। रूस-यूक्रेन तथा इस्राइल-गाजा युद्ध में किसी ने नहीं सुनी तो भारत और पाकिस्तान के बीच ही जबरन चौधराहट सही। लेकिन इसके दूरगामी परिणाम नजरअंदाज नहीं किए जा सकते।

बेशक अतीत में भी अमेरिका अक्सर पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा नजर आया है, लेकिन पिछले तीन दशक में उसके रिश्ते भारत से भी बेहतर हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से भी बहुत पहले अमेरिका-भारत के बीच परमाणु संधि उसका बड़ा प्रमाण है। फिर क्यों ट्रंप का अमेरिका, मित्र भारत की हर मोर्चे पर घेराबंदी करने में जुटा है? बात प्रारंभ से शुरू करते हैं। ट्रंप ने कट्टर प्रतिद्वंद्वी चीन के राष्ट्रपति तक को अपने शपथ ग्रहण का निमंत्रण भेजा, पर मोदी को नहीं। माना कि चार साल बाद सत्ता में ट्रंप की वापसी में उनके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने और अमेरिका को फिर महान बनाने के चुनावी वादों की बड़ी भूमिका रही, पर क्या उसके लिए अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी-बेड़ियों में भेजना जरूरी था? अन्य देशों के अवैध प्रवासियों के साथ तो ट्रंप ने ऐसा अमानवीय व्यवहार नहीं किया। अमेरिका और भारत, दो बड़े कारोबारी साझेदार हैं। फिर भी उन्होंने भारत को ऊंची टैरिफ लगाने का आदी बताते हुए गंभीर आरोप लगाया। दो देशों के बीच टैरिफ का मामला बातचीत की मेज पर ही तय होता है, लेकिन ट्रंप ने भारत समेत अनेक देशों के विरुद्ध जैसे 'टैरिफ वॉर' ही छेड़ दिया, जिसका दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। अंततः बातचीत की मेज पर ही आना पड़ा।

अगर अमेरिका का चीन से टैरिफ समझौता हो सकता है तो भारत से भी हो ही जायेगा, लेकिन ट्रंप



बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर एक-एक कर भारत से निर्माण समेटने का दबाव बना रहे हैं। यह निश्चय ही अमेरिका को पुनः महान बनाने से ज्यादा भारत को निशाना बनाने की कवायद है। ट्रंप ने पहले एप्पल को भारत में निर्माण करने पर ऊंची टैरिफ के लिए धमकाया और अब सैमसंग समेत अन्य कंपनियों पर भी भारत के बजाय अमेरिका में निर्माण का दबाव बना रहे हैं। यह मित्र देश का व्यवहार तो हरगिज नहीं। सीरिया का मौजूदा अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा कभी खूंखार आतंकवादी अबू मोहम्मद अल- जोलानी के नाम से जाना जाता था। तब 2013 में अमेरिका ने उसे 'ग्लोबल टेररिस्ट' घोषित कराते हुए उस पर 10 मिलियन डॉलर का ईनाम रखा था, लेकिन पिछले दिनों रियाद में ट्रंप उसी के साथ हाथ मिला कर फोटो खिंचवाते नजर आये। सीरिया पर लगाये गये प्रतिबंध हटाये जाने की भी खबरें हैं।

समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि मूलतः व्यापारी ट्रंप की राजनीति, और अब कूटनीति भी कारोबारी हितों से ही संचालित हो रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश अमेरिका, जिसके राष्ट्रपति को दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी माना जाता है, का ऐसा आचरण विश्व समुदाय के लिए गहरी चिंता का विषय होना चाहिए। अब वापस भारत के प्रति अमेरिकी व्यवहार पर लौटते हैं। पाकिस्तान दुनिया में आतंकवाद की सबसे बड़ी नर्सरी है, यह बात अमेरिका अच्छी तरह जानता है। आखिर अमेरिका पर 9/ 11 के आतंकी हमलों का मुख्य षड्यंत्रकारी अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के ऐबटाबाद में ही मारा गया था। भारत में पाक प्रायोजित आतंकी हमलों के सबूत भी अमेरिका समेत विश्व समुदाय को समय-समय पर दिये जाते रहे हैं। इसके बावजूद हालिया सैन्य टकराव में व्यापार बंद करने की धमकी देकर संघर्ष विराम कराने का दावा करते हुए ट्रंप ने जिस भारत और पाकिस्तान तथा उनके नेतृत्व को समान रूप से 'महान' बताया, वह कूटनीतिक मर्यादा और प्राकृतिक न्याय, दोनों के विपरीत है।

इसके बावजूद ट्रंप ऐसा कर रहे हैं तो निश्चय ही उसके कारण भी होंगे। शीत युद्ध काल में अफगानिस्तान से सोवियत संघ समर्थक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए, अमेरिका के लिए ही, पाकिस्तान ने तालिबानी आतंकवाद को पाला-पोसा। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अंतरराष्ट्रीय मीडिया में स्वीकार भी कर चुके हैं कि उनका देश पश्चिमी देशों के लिए यह पाप अरसे से करता रहा है। बेशक अमेरिका, पाकिस्तान का इस्तेमाल अपनी भू-राजनीतिक रणनीति में करता रहा है। बदले में उसे खुले हाथों सैन्य और आर्थिक मदद दी जाती रही है। ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भी सब कुछ वैसे ही चल रहा है। भविष्य में भी यह मदद रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आती। खुद आर्थिक मदद देने के अलावा पाकिस्तान को आईएमएफ से कर्ज दिलवाने में भी अमेरिका की भूमिका रही।

दरअसल, अमेरिका के रणनीतिक हितों के अलावा अब कारोबारी हितों की भी चर्चा है। पहलगाम हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर से पहले पाकिस्तान के साथ क्रिप्टो करंसी डील करने वाली अमेरिकी कंपनी में ट्रंप परिवार के भी कारोबारी हित बताये जाते हैं। उधर पाकिस्तान की खनिज संपदा के दोहन के लिए भी अमेरिका लगातार प्रयासरत है। विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका की सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के मुकाबले एक आतंकवादी देश पाकिस्तान पर इस मेहरबानी के कारण समझने के बावजूद मित्रता की खुशफहमी हमारी समझदारी नहीं। ट्रंप की अवसरवादी कूटनीति से सही सबक लेकर भारत को भी अपनी रणनीतिक प्राथमिकताएं नये सिरे से तय करनी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

सीएपीएफ
सुनील कुमार महला



# सुप्रीम कोर्ट का मनोबल बढ़ाने वाला फैसला!

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक व बड़े फैसले में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में महानिरीक्षक (आईजी) स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों की नियुक्ति कम करने का निर्देश दिया है, ताकि कैडर अधिकारियों को अधिक अवसर मिल सकें। वास्तव में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कैडर अधिकारिक के लिए मनोबल बढ़ाने वाला फैसला कहा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह माना है कि केंद्रीय सशस्त्र बलों (सीएपीएफ) में कैडर अधिकारियों की पदोन्नति में विलंब से उनके मनोबल पर 'प्रतिकूल प्रभाव' पड़ सकता है। जब सीएपीएफ को ओजीएएस घोषित किया गया है, तो ओजीएएस को उपलब्ध सभी लाभ स्वाभाविक रूप से सीएपीएफ को मिलने चाहिए, यह नहीं हो सकता कि उन्हें एक लाभ दिया जाए और दूसरे से वंचित रखा जाए। यह बहुत ही काबिले-तारीफ है कि अब केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में ओजीएएस (संगठित समूह ए सेवा) के लिए बाकायदा छह माह की समय-सीमा भी तय कर दी गई है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सीएपीएफ अधिकारियों की पदोन्नति और उनको फाइनेंशियल प्रोफिट (लाभ) की उम्मीदें बंध गई हैं। इस क्रम में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने चार वर्ष से लंबित कैडर रिव्यू प्रक्रिया, उक्त अवधि में ही पूरी किए जाने के आदेश दिए हैं। बता दें कि 3 सितंबर 2015 को अदालत ने अपने फैसले में सीएपीएफ को 1986 से 'संगठित समूह ए सेवा' घोषित कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें इसका फायदा नहीं मिल पा रहा था। गौरतलब है कि सीएपीएफ (केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल) में ओजीएएस का मतलब है 'संगठित समूह ए सेवा।' दरअसल, ओजीएएस एक ऐसा संगठन है जो भारत सरकार द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए बनाया गया है, जैसे कि आईएएस, आईपीएस, आईआरएस आदि। वास्तव में, सीएपीएफ को ओजीएएस का दर्जा मिलने का मतलब है कि सीएपीएफ के अधिकारी भी आईएएस, आईपीएस, आईआरएस और अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के समान लाभ प्राप्त करेंगे, जैसे कि पदोन्नति और गैर-कार्यात्मक वित्तीय उन्नयन। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 3 जुलाई 2019 को, सर्वोच्च न्यायालय ने सीएपीएफ को ओजीएएस का दर्जा देने का आदेश दिया था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने यह बात मानी है कि सीएपीएफ अधिकारी, देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और वे कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। देश की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने के साथ-साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करने और देश के भीतर आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में उनकी समर्पित सेवा को अनदेखा या अनदेखा नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद, सीएपीएफ के कैडर अधिकारी, अपने करियर में बहुत अधिक ठहराव का सामना कर रहे हैं। अदालत ने इन बलों में बतौर प्रतिनियुक्ति बाहर से आने वाले अधिकारियों की संख्या (सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के स्तर तक) को धीरे-धीरे कम किए जाने के साथ ही उनकी सेवा अवधि अधिकतम 2 वर्ष तक सीमित करने की बात भी कही है। इस ग्रेड में आईजी (महानिरीक्षक) रैंक वाले अधिकारी आते हैं। यानी कुछ वर्षों के दौरान इन बलों में आईजी रैंक तक आईपीएस प्रतिनियुक्ति को खत्म किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा है कि प्रतिनियुक्ति पदों में यह कमी सीएपीएफ कैडर अधिकारियों को बलों के प्रशासनिक कामकाज में अधिक भागीदारी करने की अनुमति देगी और लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का समाधान करेगी। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने आदेश दिया है कि सभी सीएपीएफ में कैडर समीक्षा, जो वर्ष 2021 में होनी थी, आज से छह महीने की अवधि के भीतर पूरी की जाए। हालांकि, गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ कैडर अधिकारियों की याचिका का विरोध करते हुए यह बात कही है कि आईपीएस अधिकारी पदानुक्रम का एक 'महत्वपूर्ण हिस्सा' हैं। ये बल विभिन्न राज्यों में तैनात हैं, इसलिए आईपीएस अधिकारी सीएपीएफ के प्रभावी संचालन के लिए जरूरी हैं, जिससे संबंधित राज्य सरकारों और उनके संबंधित पुलिस बलों के साथ सहयोग की सुविधा मिलती है, जिससे संघीय ढांचे को संरक्षित किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने सीएपीएफ में महानिरीक्षक स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति दो वर्षों में 'उत्तरोत्तर' करने का आदेश दिया है, ताकि कैडर अधिकारी अपने जायज हक से वंचित न हों और उन्हें पदोन्नति के अधिक अवसर मिलें। उम्मीद है कि इस फैसले से पांचों केंद्रीय पुलिस बलों-सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी के कैडर अफसरों को उनका जायज हक मिल सकेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

## गलत काम जीवन की तपस्या कर सकता है बर्बाद



संकलित
प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### केंद्र-राज्यों की एकजुटता जरूरी

हाल ही में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिलिंग की बैठक में यह जो विचार किया गया कि देश के विकास के लिए केंद्र और राज्यों का सहयोग जरूरी है, यह विचार बहुत अच्छा और जरूरी है, क्योंकि सभी राज्यों के विकास से ही दुनिया के सामने देश के विकास की तस्वीर सामने आती है। कुछ राज्य विकास के मामले में नंबर वन बनने की रेस में आगे हैं, पर कुछ फिसड्डी हैं। केंद्र सरकार देश के हर राज्य के लिए एक बराबर योजनाओं को अमल में लाती है, लेकिन अक्सर यह भी देखा जाता है कि केंद्र और राज्य में अलग-अलग राजनीतिक पार्टी के सत्ता में होने के कारण कुछ राज्य केंद्र की नीतियों को अपने यहां उचित रूप से लागू नहीं करते हैं। जब केंद्र-राज्य एक साथ चलेंगे, तभी विकास संभव है। – *अजय पांडे, सरायपाली*

## ट्रेंड

### पद्म पुरस्कार विजेता

नागरिक अलंकरण समारोह-II में भाग लिया, जहाँ पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए। पद्म पुरस्कार विजेताओं ने हमारे समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वालों की जीवन यात्रा अत्यंत प्रेरक है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### नागरिकों से सीधा संवाद

आज जनसुनवाई कार्यक्रम में दिल्ली के नागरिकों से सीधा संवाद हुआ। हम केवल समस्याएं नहीं सुनते- हम समाधान सुनिश्चित करते हैं। हर आवाज़ हमारे लिए मूल्यवान है और हर समस्या का समाधान हमारी ज़िम्मेदारी है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### पंजाब किंग्स टीम को बधाई

पंजाब किंग्स की गतिशील टीम से मुलाकात की और इस सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। टीम मालिक प्रीति जिंटा और कप्तान श्रेयस अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग को नेतृत्व के लिए विशेष धन्यवाद।

-राघव चड्ढा, सांसद, आम आदमी पार्टी



### दोषारोपण का खेल

जीवन को दोषारोपण का खेल मत बनने दो। तुम्हारे पास इसके लिए पर्याप्त समय नहीं है.. क्योंकि जब भी तुम दूसरों को दोष देते हो, तो तुम खुद पर दोषारोपण का बोझ ढोते हो।

-शेखर कपूर, फिल्मकार



## करंट अफेयर

### हिमालय के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है नेपाल : मंत्री

नेपाल के संस्कृति, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री प्रसाद पांडे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापवृद्धि के खतरे से जूझ रहे हिमालय को बचाना सामूहिक जिम्मेदारी है और नेपाल सरकार इसके संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। पांडे ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण, पर्वतारोहण प्रशिक्षण और आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रही है ताकि सतत पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। एवरेस्ट शिखर सम्मेलन के मौके पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में पांडे ने कहा कि पिछले साल सरकार द्वारा गठित एक टीम ने माउंट एवरेस्ट से 11 टन कचरा, चार शव और एक कंकाल हटाया था। पांडे ने पर्वतारोहियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए हिमालयी संस्कृति के संरक्षण और पर्वतों को भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पर्वत मार्गदर्शकों, बचाव टीमों और श्रमिकों के योगदान को भी सम्मानपूर्वक याद किया और कहा कि उनके समर्पण से पर्वत अभियानों को सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक बनाया गया है। अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस के अवसर पर मंत्री ने 10 भारतीय पर्वतारोहियों समेत 100 से अधिक पर्वतारोहियों को सम्मानित किया।



## ऑफ बीट

### ओरंगुटान की आवाज में छिपा भाषा का रहस्य



सुमात्रा ओरंगुटान का वैज्ञानिक नाम 'पोंगो अबेली' है जो एक वानर की प्रजाति है और सुमात्रा द्वीप में पाई जाती है। ओरंगुटान हमारे पशु परिवार से संबंधित हैं। इसका मतलब है कि हमारे पूर्वज एक ही हैं और यह एक ऐसी प्रजाति है जो लाखों साल पहले रहती थी, जिससे हम दोनों विकसित हुए हैं। हमारी तरह, ओरंगुटान के भी हाथ होते हैं जो पकड़ सकते हैं, वे औजारों का इस्तेमाल कर सकते हैं और नयी चीजें सीख सकते हैं। हम अपने डीएनए का लगभग 97 प्रतिशत हिस्सा ओरंगुटान के साथ साझा करते हैं, जिसका मतलब है कि हमारे शरीर और दिमाग के कई हिस्से एक जैसे तरीके से काम करते हैं। वर्ष 2024 में मनोवैज्ञानिक एड्रियानो लामीरा और उनके सहयोगियों द्वारा ओरंगुटान संचार पर किए गए शोध में ओरंगुटान की एक अलग प्रजाति, जंगली बोर्नियन ओरंगुटान (पोंगो पाइग्मियस वुर्मबी) पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने केवल नरों द्वारा उत्पन्न की जाने वाली एक प्रकार की ध्वनि का अध्ययन किया, जिसे लम्बी पुकार के नाम से जाना जाता है, और पाया कि लम्बी पुकारें लयबद्ध पदानुक्रम के दो स्तरों में व्यवस्थित होती हैं। इसका पता लगाने के लिए हमने जंगली मादा सुमात्रा ओरंगुटान की चेतावनी भरी आवाजों का अध्ययन किया और कुछ आश्चर्यजनक बातें पाईं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### असम में 171 फर्जी एनकाउंटर का आरोप

**नई दिल्ली।** असम में 171 फर्जी एनकाउंटर किलिंग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मानवाधिकार आयोग को निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट आरिफ यासिन जवाद्दर की याचिका पर यह आदेश दिया है। आरिफ यासिन ने गौहाटी हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, स्वतंत्र जांच की मांग को कोर्ट ने ठुकरा दी थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने मामले पर सुनवाई की। आरोप वास्तव में यह बहुत गंभीर है।

### आदिवासियों को शस्त्र लाइसेंस देगी सरकार



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि सरकार (सुरक्षा की दृष्टि से) संवेदनशील और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी लोगों को शस्त्र लाइसेंस देगी ताकि उनमें सुरक्षा की भावना पैदा हो। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। असम एक बहुत ही अलग और संवेदनशील राज्य है।

### नायडू दो सालों के लिए चुने गए तेदेपा अध्यक्ष

**कडपा (आंध्र प्रदेश)।** तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू अगले दो सालों के लिए पार्टी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। तेदेपा के वरिष्ठ नेता वरला रमैया ने यहां पार्टी के तीन-दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 'महानाडू' के दूसरे दिन चुनाव के परिणाम की घोषणा की और बाद में जय-जयकार के बीच नायडू को (अध्यक्ष) पद की शपथ दिलाई।

### अभिनेता कमल हासन जाएंगे राज्यसभा

**नई दिल्ली।** अभिनेता से नेता बने कमल हासन राज्यसभा में एंट्री करने जा रहे हैं। तमिलनाडु सरकार की अगुवाई कर रही डीएमके ने हासन को उम्मीदवार बनाया है। तमिलनाडु में अगले महीने राज्यसभा का चुनाव होना है। डीएमके ने इसके लिए बुधवार को अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। चार में से तीन सीटों पर डीएमके ने अपने नेताओं को उम्मीदवार बनाया है जबकि एक सीट कमल हासन की पार्टी मक्कल निधि मय्यम को दी है।

### मेरे पोते का नाम 'इराज' रखा गया : लालू

**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और उनकी पत्नी राजश्री के दूसरी बार माता-पिता बनने के एक दिन बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी ने अपने पोते के नाम की घोषणा की। उन्होंने अपने पोते का नाम 'इराज लालू यादव' रखा है। तेजस्वी यादव की पत्नी ने मंगलवार को कोलकाता के एक निजी अस्पताल में पुत्र को जन्म दिया। लालू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया।

## पीएम आज से सिक्किम, बंगाल, बिहार, मप्र और उप्र के दौर पर

# 3 दिन में 5 राज्यों में रैली, रोड शो व कई परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे

एजेंसी/भाषा ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को सबक और आतंकवादियों को जवाब के बाद पीएम मोदी अब राज्यों के मोर्चे पर जुट गए हैं। पीएम मोदी आज यानी 29 मई से 31 मई तक तीन दिन के दौरान पांच राज्यों का दौरा करने जा रहे हैं। पीएम के दौरे में चुनावी राज्य बिहार काफी अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी इसके अलावा सिक्किम, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश भी जाएंगे। खास बात है कि इस दौरान बिहार पर पार्टी और पीएम मोदी का खास फोकस है। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं(करोड़) रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ करेंगे। शिलान्यास के साथ ही उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही बिहार के दौरे में तो पीएम मोदी पूरी तरह से इलेक्शन मोड में ही नजर आएंगे। खास बात है कि विपक्षी दल अभी तक जिस तरह से शांत दिख रहे हैं, ऐसे में पीएम मोदी का तूफानी दौरा उनके लिए सबक जैसा है। पिछली बार पीएम मोदी पहलगाम आतंकी हमलों के बाद बिहार पहुंचे थे। उस समय उन्होंने आतंकियों को चुन-चुन कर सबक सिखाने की बात कही थी। अपने तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने से पहले प्रधानमंत्री अपने व्यस्त कार्यक्रमों के तहत विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे और कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। मोदी 29 और 30 मई को सिक्किम, पश्चिम बंगाल, मप्र बिहार और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। वह बृहस्पतिवार को ''सिक्किम ऐट 50: जहां प्रगति उद्देश्य से मिलती है और प्रकृति विकास को बढ़ावा देती है'' कार्यक्रम से अपने दौरे की शुरुआत करेंगे।

कल कानपुर में 21 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री

अपने तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने से पहले व्यस्त कार्यक्रम में दौरे

### योगी ने तैयारियों का लिया जायजा



### सिक्किम से होगी शुरुआत

*गंगटोक (भाषा)। प्रधानमंत्री मोदी का 29 मई को गंगटोक के पलजोर स्टेडियम में आयोजित सिक्किम की स्थापना के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री पूर्वाह्न करीब 11 बजे 'सिक्किम ऐट 50: जहां प्रगति उद्देश्य से मिलती है और प्रकृति विकास को बढ़ावा देती है' कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री सिक्किम में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। राज्य के 50 साल पूरे होने के अवसर पर स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी करेंगे।'' अधिकारियों ने कहा कि*

### राजस्थान-गुजरात का कर चुके दौरा

*मोदी ने राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों का दौरा किया है तथा नौ जून को अपनी सरकार की वर्षगांठ से पहले वह और भी राज्यों का दौरा करेंगे। नौ जून को ही उन्होंने पिछले साल अपने तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। विभिन्न राज्यों के दौरों में अपने भाषणों में उन्होंने विकास संदेश के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को सख्त संदेश भी दिया।*

#### पीएम ने तीन प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की

## आवासीय परियोजनाओं में विश्वास बहाली के लिए रेरा के प्रावधानों का सख्त अनुपालन अहमः मोदी

*नई दिल्ली (भाषा)। प्रधानमंत्री मोदी ने 62,000 करोड़ से अधिक लागत वाली तीन प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए बुधवार को कहा कि आवासीय परियोजनाओं के प्रति विश्वास बहाल करने के लिए रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के प्रावधानों का सख्त अनुपालन महत्वपूर्ण है। इन परियोजनाओं की समीक्षा 'प्रगति' बैठक के दौरान की गई, जो सक्रिय शासन और समय पर कार्यान्वयन के लिए आईसीटी-आधारित बहु-मॉडल मंच है। ये परियोजनाएं विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सड़क परिवहन, बिजली और जल संसाधन क्षेत्रों में फैली हुई हैं। रेरा से जुड़ी सार्वजनिक शिकायतों की समीक्षा के दौरान, मोदी ने घर खरीदारों के लिए न्याय और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए शिकायत निपटान की गुणवत्ता और समयबद्धता में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से कहा कि वे सभी पात्र रियल एस्टेट परियोजनाओं का रेरा अधिनियम के तहत अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित करें। आवास से जुड़े क्षेत्र में विश्वास बहाल करने के लिए रेरा प्रावधानों का सख्त अनुपालन महत्वपूर्ण है। इन परियोजनाओं के रणनीतिक महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने इनके कार्यान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर करने तथा इनका समय पर पूरा होना सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की देरी से न केवल लागत बढ़ती है बल्कि नागरिक आवश्यक सेवाओं और बुनियादी ढांचे से भी वंचित होते हैं। मोदी ने सभी हितधारकों से कार्यकुशलता और जवाबदेही को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।*

## अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के बोलने एवं अभिव्यक्ति के अधिकार पर कोई रोक नहीं

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विवादास्पद टिप्पणी की थी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट करने के आरोपी अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद से बुधवार को कहा कि उनके बोलने एवं अभिव्यक्ति के अधिकार पर कोई रोक नहीं है, लेकिन वह अपने खिलाफ मामलों के संबंध में कुछ भी ऑनलाइन पोस्ट नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की आंशिक कार्य दिवस वाली पीठ ने 21 मई को उन पर लगाई गई अंतरिम जमानत की शर्त को फिलहाल संशोधित करने से इनकार कर दिया कि वह जांच का विषय रहे उन दोनों ऑनलाइन पोस्ट से संबंधित कोई ऑनलाइन पोस्ट, लेख नहीं लिखेंगे या इसके बारे में मौखिक रूप से कुछ नहीं बोलेंगे। शीर्ष अदालत ने प्रोफेसर को भारत की धरती पर हुए आतंकवादी हमले या भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई जवाबी प्रतिक्रिया के संबंध में कोई भी राय व्यक्त करने से भी रोक दिया।

### प्रोफेसर की अंतरिम जमानत को बढ़ाया

पीठ ने कहा कि वह प्रोफेसर को दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ा रही है और विशेष जांच दल (एसआईटी) को सुनवाई की अगली तारीख पर जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने यह स्पष्ट किया कि जांच का विषय प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकी हैं और हरियाणा पुलिस से कहा कि वह जांच में ''इधर उधर नहीं भटके'' और ''उपकरण'' की तलाश करे। इस पर पुलिस ने कहा कि वह जांच करना चाहेगी। पीठ ने हरियाणा पुलिस से प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के नोटिस पर उसकी प्रतिक्रिया के बारे में भी अदालत को अवगत कराने को कहा। एनएचआरसी ने 21 मई को कहा था कि उसने गिरफ्तारी के संबंध में एक मीडिया रिपोर्ट का ''स्वतः संज्ञान'' लिया है।

## सुको ने कर्नल कुरैशी पर टिप्पणी के लिए विजय शाह के खिलाफ मप्र हाईकोर्ट में कार्रवाई बंद की

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने सेना अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विवादित टिप्पणी के लिए मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ उच्च न्यायालय में जारी कार्रवाई बंद करने का आदेश दिया और कहा कि वह (उच्चतम न्यायालय) अब इस मामले की जांच कर रहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शीर्ष अदालत के पहले के आदेश के अनुपालन में मप्र सरकार द्वारा गठित एसआईटी से स्थिति रिपोर्ट मांगी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि एसआईटी ने कुछ उपकरण जब्त कर लिए हैं और अपनी जांच शुरू कर दी है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि मंत्री के खिलाफ उच्च न्यायालय में समानांतर कार्यवाही जारी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि चूंकि मामला अब उसके संज्ञान में है, इसलिए उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही बंद हो गई है। सुको ने कहा कि शाह की गिरफ्तारी पर रोक समेत 19 मई को पारित अंतरिम निर्देश को आगे बढ़ाया जाता है।



## आईटीबीपी की महिला जवानों के बीच अनछुए विषय लेकर जुटीं हिमवीर वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** वर्दी में महिला जवान को देश की हिफाजत के साथ अपने स्वास्थ्य की हिफाजत भी उतनी ही शिद्दत से करनी होती है। उन्हें कब, कैसे और किस तरह से ड्यूटी के दौरान मासिक धर्म जैसी प्राकृतिक दुश्वारियों से निपटना है, कैसे खुद को उस दौरान भी अपेक्षाकृत फिट, चुस्तदुरूस्त और हाइजिन के साथ रहना है कुछ ऐसे अनछुए पहलुओं को लेकर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की हिमवीर वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (हावा) द्वारा शी-विंग्स फाउंडेशन के सहयोग से एक व्यापक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वर्दीधारी सेवाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए मासिक धर्म और प्रजनन स्वास्थ्य के विषय में जागरुकता के उद्देश्य से आयोजन 22वीं वाहिनी, आईटीबीपी, टिगड़ी कैंप, नई दिल्ली में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर किया गया। ''फॉरवर्ड डिप्लॉयमेंट में महिलाओं के लिए मासिक धर्म और प्रजनन स्वास्थ्य'' विषय पर आधारित इस संगोष्ठी का उद्देश्य दूरदराज व चुनौतीपूर्ण तैनाती क्षेत्रों में कार्यरत आईटीबीपी की महिला कार्मिकों को मासिक धर्म से संबंधित ज्ञान, चिकित्सा सहायता और स्वच्छता संसाधनों से सशक्त बनाना था। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. विजय क. रहाटकर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपनी व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, जब आपकी बेटी को पहली बार मासिक धर्म हो, तो उससे खुलकर बात करें, उसके साथ इसे परिवार में गरिमापूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी दादी ने इस विषय को सहज और स्वीकार्य बना दिया था। इस संगोष्ठी में प्रख्यात स्त्रीरोग विशेषज्ञों और जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें मासिक धर्म और प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े वैज्ञानिक पहलुओं पर संवाद हुआ और प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

- शी-विंग्स फाउंडेशन के सहयोग से व्यापक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

## ट्रंप प्रशासन के दावों पर प्रधानमंत्री चुप्पी तोड़ें : कांग्रेस

नई दिल्ली (भाषा) कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के ट्रंप प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस दावे पर प्रधानमंत्री मोदी को अपनी चुप्पी₹ तोड़नी चाहिए कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष व्यापार एवं शुल्क को आधार बनाकर रुकवाया था। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ₹अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने 23 मई, 2025 को न्यूयॉर्क स्थित अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत (यूएस कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड) में एक बयान दाखिल कर कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच एक 'युद्धविराम' कराने और 'शांति' स्थापित करने के लिए अपने शुल्क अधिकारों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को देश को यह बताना चाहिए कि क्या यह सच है?रमेश ने यह भी कहा, ₹हावर्ड लुटनिक वही बात दोहरा रहे हैं जो खुद राष्ट्रपति ट्रंप 11 दिनों में तीन अलग-अलग देशों में आठ बार सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी इसी तरह का बयान देते हुए भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत के लिए एक तटस्थ स्थान का जिक्र किया है।₹ ®उन्होंने कहा, ₹प्रधानमंत्री, चुप्पी तोड़िए।



## केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बैठक की एक तस्वीर साझा की गई। पोस्ट में कहा गया, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

## मणिपुर में 44 विधायक नई सरकार बनाने को तैयार

**इंफाल(भाषा)।** मणिपुर में भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम सिंह ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात के बाद दावा किया कि 44 विधायक नई सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। सिंह ने नौ अन्य विधायकों के साथ राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि 44 विधायक जनता की इच्छा के अनुसार सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। हमने राज्यपाल को यह बता दिया है। हमने इस मुद्दे के लिए क्या समाधान हो सकते हैं, इस पर भी चर्चा की।₹ उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने हमारी बातों पर गौर किया और लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्रवाई शुरू करेंगे।₹ यह पूछे जाने पर कि क्या वह सरकार बनाने का दावा करेंगे, तो उन्होंने कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व निर्णय लेगा। सिंह ने कहा, ₹हालांकि, यह बताना कि हम तैयार हैं, सरकार बनाने का दावा पेश करने जैसा है। विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत ने 44 विधायकों से व्यक्तिगत और संयुक्त रूप से मुलाकात की है। किसी ने भी नयी सरकार के गठन का विरोध नहीं किया है।₹ उन्होंने कहा, ₹लोगों को बहुत अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कार्यकाल में कोविड के कारण दो साल बर्बाद हो गए थे और इस कार्यकाल में संघर्ष के कारण दो और साल बर्बाद हो गए हैं।



## शशि थरूर पर उदित राज ने साधा निशाना

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस नेता उदित राज ने अपनी पार्टी के सांसद शशि थरूर के एक ताजा बयान को लेकर बुधवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि उन्हें भाजपा का मुख्य प्रवक्ता घोषित कर देना चाहिए। पाकिस्तान के साथ हालिया संघर्ष की पृष्ठभूमि में भारत का पक्ष रखने के लिए विदेश गए एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने पनामा में कहा कि हाल के वर्षों में जो बदलाव आया है वह यह है कि आतंकवादियों को भी एहसास हो गया है कि उन्हें अपने किए की कीमत चुकानी पड़ेगी।

- भाजपा का मुख्य प्रवक्ता घोषित कर देना चाहिए

## ऑपरेशन सिंदूरः तृणमूल ने मानसून सत्र से पहले जून में संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग रखी

**नई दिल्ली (भाषा)।** तृणमूल कांग्रेस ने मानसून सत्र से पहले जून में संसद का विशेष सत्र बुलाने की बुधवार को मांग की। मानसून सत्र जुलाई में होने की संभावना है।



पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से विपक्षी दल संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में सांसदों को जानकारी देने के लिए आयोजित सर्वदलीय बैठक में भी यह मांग उठाई गई थी। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस की उपनेता सागरिका घोष ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी पहलगाम हमले के बाद और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सरकार के साथ खड़ी रही और विदेश भेजे गए सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का भी समर्थन किया। घोष ने कहा कि सरकार को पूर्ण समर्थन देने के बाद हम अब सांसद कपिल सिब्बल की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग का समर्थन करते हैं।'' उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि मानसून सत्र से पहले जून में एक विशेष सत्र आयोजित किया जाए।''

## डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, **डिमांड नोटिस की तिथि** के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री रणजीत सिंह श्रीमती जसविन्दर कौर (**प्रोस्पेक्ट नं. IL10502180**) | **21/05/2025** एवं रु. **906631/-** (रुपये नौ लाख छह हजार छह सौ इकत्तीस केवल) | हनुमान मंदिर मोडी, सिरसा, हरियाणा, भारत 125103 के निकट गांव मोडी, ग्राम पंचायत लाल डोरा, गोरीवाला में प्लॉट / मकान, यूआईडी नं. 605230003 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3080.00, 800.00, 680.00 |
| श्री पवन कुमार अर्पिता एंटरप्राईजेज, श्रीमती अंजू (**प्रोस्पेक्ट नं. IL10164132**) | **21/05/2025** एवं रु. **2182443/-** (रुपये इक्कीस लाख बयासी हजार चार सौ तैंतालीस केवल) | गांव फतेहपुरा, तहसील नोमराना, जिला अलवर, राजस्थान 301705 में फ्लेट नं. सी-20, ब्लॉक सी, गार्डन सिटी फेज-1, खसरा नं. 128-136, 142 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Saleable_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 904.00, 640.00 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से **शाखा कार्यालय : प्लॉट नं. 93-94, प्रथम तल, जय कॉम्पलैक्स, रोड नं. 2. अलवर-301001 / एम्बीशन टावर, प्लॉट नं. डी-46-बी, कार्यालय सं. 307 से 312, मलान का चौराहा, अग्रसेन सर्कल, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001, कॉर्पोरेट कार्यालय :** आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

**स्थान : हरियाणा दिनांक : 29.05.2025** हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

## वरिष्ठ वकीलों को गर्मी की छुट्टियों के दौरान केसों में बहस नहीं करनी चाहिए

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वरिष्ठ वकीलों को गर्मी की छुट्टियों के दौरान मामलों पर बहस नहीं करनी चाहिए। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि कनिष्ठ वकीलों को छुट्टियों के दौरान अवसर मिलने चाहिए। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, अभिषेक मनु सिंघवी और नीरज किशन कौल से कहा, ''वरिष्ठ वकीलों को इन आंशिक कार्य दिवसों के दौरान मामलों पर बहस नहीं करनी चाहिए।''

ये वकील राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर पेश हुए थे। इस संबंध में एक वकील ने मामले का उल्लेख करते हुए स्थगन का अनुरोध किया क्योंकि वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान उपलब्ध नहीं थे।

### 'आंशिक अदालती कार्य दिवस' के रूप में नया नाम दिया

शीर्ष अदालत ने अपनी पारंपरिक गर्मी की छुट्टियों के दौरान अवकाशकालीन पीठ को 'आंशिक अदालती कार्य दिवस' के रूप में नया नाम दिया है। यह घटनाक्रम उच्चतम न्यायालय नियम, 2013 में संशोधन का हिस्सा था, जो अब उच्चतम न्यायालय (द्वितीय संशोधन) नियम, 2024 बन गया है। अधिसूचना में कहा गया है, ''अदालत के आंशिक कार्य दिवसों की अवधि और न्यायालय तथा न्यायालय के कार्यालयों के लिए अवकाश की संख्या इस तरह से होगी कि यह रविवार को छोड़कर छुट्टियों की संख्या 95 दिनों से अधिक नहीं हो। इसे प्रधान न्यायाधीश द्वारा निर्धारित किया जाएगा और आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा।''

## गोगोई की सफाईः मेरी पत्नी ने पाक में काम किया, मैं भी गया था



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लंबे समय बाद पत्नी के पाकिस्तान जाने के मामले में सफाई दी है। असम सीएम एवं भाजपा काफी समय से कांग्रेस नेता गोगोई पर उनकी पत्नी के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से कथित संबंध को लेकर हमला कर रही है। अब पहली बार गौरव गोगोई ने इन आरोपों पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने असम सीएम के दावे को किसी सी-ग्रेड बॉलीवुड मूवी का प्लॉट करार दिया है। गोगोई ने पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी पत्नी ने 2013 में एक साल के लिए दक्षिण एशिया में जलवायु परिवर्तन पर एक अंतरराष्ट्रीय परियोजना के तहत पाकिस्तान में काम किया था।

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग**
**5 वीं मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003**
********

**वर्ष 2025 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 'ऑनलाइन' माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना**

वर्ष 2025 के लिए दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन/नामांकन जगा करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल 15 मई, 2025 में 15 जुलाई, 2025 तक खुला है। इसका विवरण निम्नान्मार है:


i. आवेदन/नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल www.awards.gov.in पर किए जायेंगे ।
ii. वर्ष 2025 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 15 जुलाई, 2025 तक प्राप्त आवेदनों/नामांकनों पर ही विचार किया जाएगा।
iii. वर्ष 2025 के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (www.awards.gov.in) पर ऑनलाइन जमा किया जाना है। नामांकन में उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में निर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें
उल्लेखनीय और प्रेरक उपलब्धियों को स्पष्ट रूप में शामिल किया जाना चाहिए तथा उपलब्धियों से सम्बंधित सहायक दस्तावेज भी अपलोड करना चाहिए।
iv. भौतिक रूप से या किसी अन्य रूप से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
v. पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों के लिए विभाग की वेबसाइट (www.depwd.gov.in) तथा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (www.awards.gov.in) पर उपलब्ध "दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दिशानिर्देश" देखे जा सकते हैं।

CBC 38117/11/0001/2526

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 126 दिनांक 25.05.2025 धारा 281,106 (1) BNS 2023 थानापुरानी सब्जी मंडीरोहतक ।**

**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**



नाम-नामालूम
पिता/पति- नामालूम
पता - नामालूम
उम्र- 45-50वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, सफेद व काली दाढी। पहनावा सफेद व हरे रंग की धारीदार शर्ट, व शर्ट के नीचे सफेद रंग की बनियान, स्लेटी रंग की लोवर जिस पर सफेद रंग के अक्षरों में RD लिखा हुआ है।

दिनांक 25.05.25 को समय करीब 01.00 AM पर एक नामपता नामालूम नाश गोहाना गोल चक्कर से करीब 200 मीटर आउटर जींद बाईपास रोड रोहतक की तरफ लावारिस हालात में पडी मिली है। जिसके सिर व शरीर के अन्य भागों पर RSA चोटों के निशान पाए गये हैं। ऐसा प्रतीत होता हे किसी अज्ञात व्हीकल ने इस पैदल चल रहे अज्ञात व्यक्ति के साथ एक्सीडेंट किया है। उपरोक्त नाश नामपता नामालूम है जिसकी अभी तक कोई शिनाख्त नहीं हुई है। दिनांक 25.05.25 को अज्ञात नाश का पोस्टमार्टम कराकर मोर्चुरी हाउस, पी.जी.आई.एम.एस रोहतक में 72 घंटे के लिए रखी गई है। यदि इस अज्ञात नाश बारे किसी के पास कोई सूचना है। तो निम्नलिखित दूरभाष नम्बरों पर पुलिस चौकी सुखपुरा, पुरानी सब्जी मंडी रोहतक से संपर्क करे।

1. प्रबन्धक थानापुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 8221912252

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**डी.डी.न.12 दिनांक 27.05.2025 धारा 194 BNSS थानासांपला जिला रोहतक ।**

**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**



नाम - नामालूम
पिता/पति- नामालूम
पता - नामालूम
उम्र- 50-55 वर्ष
कद- 5 फुट 7 ईंच ।
हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा।
पहनावासफेद रंग का कुर्ता पजामा पहने हुए है।

दिनांक 27.05.25 को एक नामपता नामालूम बुजुर्ग व्यक्ति की नाश सूर्या हास्पिटल सांपला के सामने खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सांपला के पास मिली है। उपरोक्त नाश नामपता नामालूम है जिसकी अभी तक कोई शिनाख्त नहीं हुई है। दिनांक 27.05.25 को अज्ञात नाश का पोस्टमार्टम कराकर मोर्चुरी हाउस, पी.जी.आई.एम.एस रोहतक में 72 घंटे के लिए रखी गई है। यदि इस अज्ञात नाश बारे किसी के पास कोई सूचना है। तो निम्नलिखित दूरभाष नम्बरों पर पुलिस चौकी सांपला से संपर्क करें।

1. प्रबन्धक थानासांपलारोहतक- 7082999219
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपलारोहतक- 9034533187

पीआरडीएच-1084/11/3446/2026/35171/88/6 दि. 28.05.2025

# मिस वर्ल्ड: नंदिनी गुप्ता की सेमीफाइनल में एंट्री



- नंदिनी 2023 में मिस इंडिया चुनी गई थी
- टॉप 40 में से 12 का चयन हो चुका है

**हैदराबाद।** मोस्ट अवेटेड मिस वर्ल्ड 2025 के ग्रैंड फिनाले के लिए मंच तैयार किया जा रहा है, जो 31 मई को हैदराबाद के हाइटेक्स के नए हॉल 4 में होने वाला है।

अब तक, 12 प्रतियोगियों ने फास्ट-ट्रैक इवेंट में टॉप 40 में अपनी जगह बना ली है। भारत को रीप्रजेंट करने वाली नंदिनी गुप्ता ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। नंदिनी 2023 में मिस इंडिया चुनी गई थीं। मिस वर्ल्ड में भाग ले रही 120 देश की सुंदरियों को चार ग्रुप में बांटा गया। ऐसे में हर ग्रुप से 10-10 को चुना जाना है। नंदिनी गुप्ता एशिया के ग्रुप में शामिल हैं। इसमें से टॉप 40 में से 12 का चयन हो चुका है। इनमें नंदिनी गुप्ता अपने ग्रुप में से सेमी फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्हें टॉप 40 कंटेस्टेंट्स में शामिल कर लिया गया है।

**10 मई को वायुसेना के बेहद केंद्रित और सटीक हवाई हमलों से हांफने लगा था दुश्मन**

**आज से गोवा के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे रक्षा मंत्री**

# नई सैटेलाइट तस्वीरों ने खोली पाक वायुसेना को हुए नुकसान की पोल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम हमले के जवाब में 7 मई 2025 को किए गए ऑपरेशन सिंदूर को करीब 21 दिन बीत चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी सोशल मीडिया से लेकर संचार के अन्य माध्यमों पर जारी की जा रही सैटेलाइट तस्वीरों में भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में मौजूद आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए की गई अति-केंद्रित और सटीक हवाई हमलों की कार्रवाई में दुश्मन देश को हुए गंभीर नुकसान का खुलासा हो रहा है। ऐसी ही कुछ हालिया तस्वीरों से पता चलता है कि 10 मई को भारत की वायुसेना के हमलों में पाकिस्तान के अग्रिम पंक्ति के एयरबेस जैसे मुरीद और नूर खान को भारी नुकसान पहुंचा था। दोनों एयरबेस पर हुए बड़े आकार के गड्ढों और वहां मौजूद अन्य सैन्य साजो-सामान के जलकर खाक होने के रूप में नुकसान की पुष्टि हुई। नूर खान इसलिए पाकिस्तान का एक अग्रिम पंक्ति का वायुसैन्य अड्डा माना जाता है। क्योंकि यह पाक सेना के रावलपिंडी मुख्यालय और सामरिक योजना डिवीजन के करीब स्थित है। जो कि पाकिस्तान के परमाणु शस्त्रागार की निगरानी के लिए भी जिम्मेदार है। मुरीद एयरबेस पाक के पंजाब प्रांत के चकवाल में है। एलओसी से इसकी दूरी करीब 150 किमी है। यह पाक वायुसेना का वही ठिकाना है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के बाद उसके भारत के खिलाफ पश्चिमी सीमा पर यूएवी से किए गए हमलों में अहम भूमिका निभाई थी। 7 मई की मध्यरात्रि के बाद करीब 1 बजकर 5 मिनट पर भारत की सशस्त्र सेनाओं द्वारा पाकिस्तान समर्थित 9 आतंकी अड्डों को तबाह करने के लिए किए गए ऑपरेशन सिंदूर की साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में मौजूद सेना के ऑपरेशन कक्ष में लगी हुई लाइव स्क्रींस के जरिए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी सिंह और नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से निगरानी की थी। इस दौरान सेना के उप प्रमुख सहित सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई भी मौजूद थे। अभियान के बाद सेना द्वारा ही सबसे पहले अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अभियान का लोगो जारी किया गया था। जिसे ले. कर्नल हर्ष गुप्ता और हवलदार सुरिंदर सिंह ने तैयार किया था।

### आठ महीने बाद दुनिया का चक्कर लगाकर लौट रहीं दो जांबाज महिला अधिकारी

उधर, इन सबके बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार से गोवा के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान 29 मई को वह पाल नौका आईएनएसवी तारिणी के जरिए करीब आठ महीने बाद दुनिया का चक्कर लगाकर वापस स्वदेश लौट रहीं नौसेना के दो जांबाज महिला अधिकारियों लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए और दिलना.के का स्वागत करेंगे। शुक्रवार को रक्षा मंत्री स्वदेशी युद्धपोत विक्रांत पर जाएंगे।

### भारत और अफ्रीका के बीच अटूट दोस्ती: जयशंकर

**नई दिल्ली (भाषा)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत और अफ्रीका के बीच 'गहरी एकजुटता' और 'अटूट मित्रता' है और नई दिल्ली अफ्रीका के विकास, समृद्धि और प्रगति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यहां अफ्रीका दिवस समारोह में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि 'ग्लोबल साउथ' के भागीदार के रूप में भारत वैश्विक संस्थाओं और विमर्श में 'अफ्रीका के लिए एक बड़ी आवाज की पुरजोर वकालत करता है'। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि बुधवार को दिल्ली में अफ्रीका दिवस 2025 समारोह में भाग लेकर प्रसन्न हूं। भारत और अफ्रीका के बीच गहरी एकजुटता और अटूट मित्रता है। भारत अफ्रीका के विकास, समृद्धि और प्रगति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।" अपने पोस्ट में जयशंकर ने समारोह की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।

- विदेश मंत्री ने अफ्रीका दिवस समारोह को संबोधन किया

## खबर संक्षेप

### मरणोपरांत दो भारतीय शांति सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा

**संयुक्त राष्ट्र।** पिछले साल संयुक्त राष्ट्र के तहत सेवा देते हुए अपनी जान गंवाने वाले दो भारतीय शांति सैनिकों को विश्व निकाय द्वारा मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की याद में अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिसैनिक दिवस मना रही है। 'यूएन डिसएंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स' में सेवा देने वाले ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और कांगो गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र स्थिरीकरण मिशन में तैनात हवलदार संजय को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस पर 29 को समारोह में मरणोपरांत 'डैग हैमरस्कॉल्ड' पदक से सम्मानित किया जाएगा।

### भारत से बातचीत की शहबाज ने इच्छा दोहराई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के साथ बातचीत करने की अपनी इच्छा दोहराते हुए कहा कि दोनों पक्षों को साथ बैठकर कश्मीर, पानी और आतंकवाद सहित सभी मुद्दों का समाधान करना चाहिए। शरीफ ने यह टिप्पणी अजरबैजान के लाचिन में पाकिस्तान-तुर्किए-अजरबैजान त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए की, जिसमें राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन एर्दोआन और इल्हाम अलीयेव भी शामिल हुए। भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत पर जोर देने का शहबाज का यह इस सप्ताह दूसरा बयान था।

**ऑपरेशन सिंदूर: भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने कई देशों के सरकारी अधिकारियों से की मुलाकात**

# इंडोनेशिया और पनामा ने आतंकवाद को 'बर्दाश्त न करने' की नीति का दिया साथ

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

**पहलगाम आतंकी हमला 'भारत की आत्मा पर हमला'**

**भारत ऐसा देश है जिसने कभी युद्ध की पहल नहीं की**

*इंडोनेशिया में प्रतिनिधिमंडल ने अंतर-संसदीय सहयोग समिति के उपाध्यक्ष मुहम्मद हुसैन फदलुल्लाह और इंडोनेशिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष मुहम्मद रोफिकी से मुलाकात की तथा उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत प्रतिबद्धता के बारे में जागरूक किया*

इंडोनेशियाई अधिकारियों ने आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की भारत की नीति का बुधवार को समर्थन किया। जद (यू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भारत की कूटनीतिक पहुंच के हिस्से के रूप में प्रतिनिधिमंडल बुधवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने अंतर-संसदीय सहयोग समिति के उपाध्यक्ष मुहम्मद हुसैन फदलुल्लाह और इंडोनेशिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष मुहम्मद रोफिकी से मुलाकात की तथा उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत प्रतिबद्धता के बारे में जागरूक किया।

इसके बाद इंडोनेशियाई पक्ष ने कहा कि वे आतंकवाद की निंदा करते हैं और समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत में विश्वास करते हैं, न कि आतंकवाद में, क्योंकि यह मानवता के विरुद्ध है। उन्होंने आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त न करने' की भारत की नीति का समर्थन किया। झा के अलावा, प्रतिनिधिमंडल में सांसद अपराजिता सारंगी (भाजपा), अभिषेक बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस), बृजलाल (भाजपा), जॉन ब्रिटास (माकपा), प्रदान बरुआ (भाजपा), हेमांग जोशी (भाजपा), पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और फ्रांस तथा बहरीन में भारत के राजदूत रह चुके मोहन कुमार शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है जिन्हें भारत ने 33 वैश्विक राजधानियों का दौरा करने का काम सौंपा है।




### पनामा ने 'आतंक के खिलाफ युद्ध' में समर्थन का आश्वासन दिया



पनामा सिटी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यहां नेशनल असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा से मुलाकात की और आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' के मजबूत संदेश से अवगत कराया। इस दौरान पनामा ने भारत को 'आतंकवाद के खिलाफ युद्ध' के लिए अपने समर्थन का आश्वासन दिया। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मध्य अमेरिकी देश पहुंचा। बुधवार की सुबह 'एक्स' पर लिखे एक पोस्ट में थरूर ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने कास्टानेडा से मुलाकात की, जिनके साथ संसद के वरिष्ठ सदस्य एडविन वर्गारा और जूलियो डे ला गार्डिया भी थे। उन्हें हमारे मिशन के बारे में बताया तथा आतंकवाद के खिलाफ भारत के युद्ध को समझने और समर्थन देने का मजबूत आश्वासन प्राप्त किया। थरूर ने कहा कि जब मैंने उन्हें आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के स्थान से एक कश्मीरी शॉल भेंट की, तो अध्यक्ष ने भी एक योद्धा रूपी प्रतीक चिह्न भेंट किया तथा भारत से दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने का आग्रह किया।

**सांसद सुले ने किया नेतृत्व**

### द. अफ्रीका ने आतंकवाद पर भारत के रुख की सराहना की



जोहानिसबर्ग। राकांपा-एसपी की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में मंगलवार शाम जोहानिसबर्ग पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने यहां 350 से अधिक प्रवासियों और स्थानीय भारतीयों को पहलगाम हमले के बारे में जानकारी साझा की तथा उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी ब्योरा दिया। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रायोजक बताया। सुले ने कहा कि पहलगाम आतंकी घटना ने दुनिया भर में हर भारतीय को झकझोर दिया है। मुझे खुशी है कि दक्षिण अफ्रीका भारत के साथ खड़ा है। दक्षिण अफ्रीका 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले की निंदा करने वाले पहले देशों में से एक था। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमला 'भारत की आत्मा पर हमला' था। इसलिए, दुनिया को सच बताना होगा कि हम आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**भारत-अमेरिका के बीच बनी सहमति**

# 25 जून तक हो सकता है अंतरिम व्यापार समझौता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच 25 जून तक एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। इसके लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल व्यापार वार्ता के लिए अगले महीने भारत आ सकता है। दोनों देश 25 जून तक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमत हो जाएंगे। बातचीत सकारात्मक ढंग से आगे बढ़ रही है। इस बीच, भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने पिछले सप्ताह अपनी चार दिवसीय वाशिंगटन यात्रा पूरी की। उन्होंने प्रस्तावित समझौते पर अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ बातचीत की। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी यूएस गए थे।

### 9 जुलाई को खत्म होगी समयसीमा

*अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 26 प्रतिशत टैरिफ पर 9 जुलाई को खत्म होने वाली रोक से पहले दोनों पक्ष प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते यानी बीटीए पर अंतरिम सहमति बनाना चाहते हैं। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत पर 26 प्रतिशत रेसीप्रोकल टैरिफ लगाया था लेकिन इसे 9 जुलाई तक निलंबित कर दिया। हालांकि भारतीय सामान पर अब भी अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत मूल टैरिफ लागू है। अंतरिम व्यापार समझौते में, भारत घरेलू वस्तुओं पर 26 प्रतिशत रेसीप्रोकल टैरिफ से पूरी छूट देने का दबाव बना रहा है।*




# अमेरिका जाने वाले विद्यार्थियों के लिए 'नए वीजा साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स' पर लगी रोक 'अस्थायी'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

**बोले अमेरिकी अधिकारी, पहले से तय साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स वाले आवेदकों पर नहीं पड़ेगा कोई प्रभाव**


अमेरिका में भारतीय सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय छात्रों से जुड़े वीजा नियमों में सख्ती, नए वीजा साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पर लगाई गई रोक और अनिवार्य विस्तृत सोशल मीडिया जांच को लेकर जनसंचार के विभिन्न माध्यमों में जारी चर्चाओं के बीच अमेरिका का कहना है कि छात्रों के नए वीजा साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पर लगाई गई रोक अस्थायी है। जिनके वीजा साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पहले से तय हैं। उन पर नियमों में सख्ती का प्रभाव नहीं पड़ेगा। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन के अधिकारी के हवाले से नाम न छापने की शर्त पर सामने आई है। जिसमें वह प्रशासन के एक आंतरिक दस्तावेज पर चर्चा कर रहे थे। अमेरिका के विदेश विभाग ने देश में पढ़ाई करने के इच्छुक विदेशी छात्रों को दिए जाने वाले नए वीजा से जुड़े साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पर जो रोक लगाई है। उसका उद्देश्य छात्रों की सोशल मीडिया मंचों जैसे पर की जाने वाली तमाम गतिविधियों की गहनता के साथ जांच-पड़ताल की प्रक्रिया को विस्तार देना है। बताते चलें कि नए छात्र वीजा नियमों में सख्ती की यह कवायद बीते दिनों अमेरिका के कुछ शिक्षण संस्थानों में फिलिस्तीन के समर्थन में किए गए विरोध-प्रदर्शनों में छात्रों की बढ़चढ़कर की गई भागीदारी से जुड़ी हुई है।

### दुनियाभर में दूतावासों को जारी किए निर्देश

उधर, पोलिटिको की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेजों के जरिए दुनियाभर में मौजूद अमेरिका के दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को यह निर्देश दिया गया कि तत्काल प्रभाव से छात्र (एफ), व्यावसायिक (एम) और एक्सचेंज विजिटर (जे) वीजा के लिए नए साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पर रोक लगा दी गई है। भावी मार्गदर्शन प्राप्त होने तक यही स्थिति लागू रहेगी। मूलरूप से देखें तो यह कदम विदेशी छात्रों के लिए अनिवार्य सोशल मीडिया जांच की प्रक्रिया को लागू करने का हिस्सा है। नए वीजा साक्षात्कारों के लिए अपाइंटमेंट्स पर रोक लगाने से अमेरिका में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में तत्काल रूप से गर्मियों की और बाद में दाखिला प्रक्रिया प्रभावित होगी।

# देश में कोरोना के मामले 1200 पार लेकिन पैनिक होने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश में कोरोना के मामलों में एक बार फिर से बढ़ोतरी देखी जा रही है। देश में कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या 1200 से ज्यादा पहुंच चुकी है। इनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। इस राज्य में कोरोना के 430 मामले सामने आ चुके हैं। महाराष्ट्र में 208 लोग कोरोना पॉजिटिव हैं। दिल्ली और कर्नाटक में भी कोरोना के 100 से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं। बात करें पिछले 24 घंटों की तो बिहार में 6 कोरोना के केस सामने आए। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में भी एक शख्स कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। कोरोना के बढ़ते मामले की सबसे बड़ी वजह जेएन.1 वेरियंट है। यह ओमिक्रॉन का ही सब-वेरिएंट है। पंजाब के चंडीगढ़ में कोविड-19 संक्रमण से पहली मौत का मामला सामने आया है। सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच-32) में भर्ती लुधियाना निवासी 40 वर्षीय व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। मरीज को चार दिन पहले सांस लेने में परेशानी के चलते अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने जब कोविड टेस्टिंग की तो वो पॉजीटिव पाए गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट किया गया था।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद तैयार है सीआरपीएफ की 47 बटालियन**

# अमरनाथ यात्रा मार्ग पर इस बार होगी अचूक किलेबंदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अब केंद्रीय सुरक्षा बलों ने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों पर फोकस कर दिया है। देश का सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ', जो लंबे समय से अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालता है, इस बार भी सीआरपीएफ द्वारा अमरनाथ यात्रा के रूट पर अचूक किलेबंदी की जाएगी। इसके लिए डीजी सीआरपीएफ जीपी सिंह अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ घाटी के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने घाटी में तैनात सीआरपीएफ की 47 बटालियनों के रेंज डीआईजी और कमांडिंग अधिकारियों के साथ तीन घंटे से अधिक समय तक चली कॉन्फ्रेंस में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर बातचीत की है।

**यात्रा के दौरान जवानों की तैनाती 14 से 16 घंटे तक होगी**

**'रोड ओपनिंग पार्टी' 24 घंटे गश्त करेगी**

### सीआरपीएफ की '1000 मीटर' की थ्योरी



*अमरनाथ यात्रा के रूट पर श्रद्धालुओं को अचूक सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'सीआरपीएफ' ने कमर कस ली है। जिन मार्गों से अमरनाथ यात्रा गुजरेगी, वहां की अचूक किलेबंदी की जाएगी। सीआरपीएफ की '1000 मीटर' की थ्योरी, आतंकियों को यात्रा रूट के निकट तक नहीं पहुंचने देगी। उक्त दूरी पर पर्याप्त संख्या में जवान मौजूद रहेंगे। भले ही सरकारी कर्मियों के लिए रोजाना आठ घंटे की ड्यूटी तय होती है, लेकिन सीआरपीएफ के जवान, अमरनाथ यात्रा के दौरान 14 से 16 घंटे तक तैनात रहते हैं। यात्रा रूट पर श्रद्धालुओं के काफिले पूरी तरह महफूज रहेंगे। इन्हें बल के वाहन एस्कॉर्ट करेंगे। रास्ते में कोई खतरा न हो, इसके लिए सीआरपीएफ की 'रोड ओपनिंग पार्टी' 24 घंटे गश्त पर रहेगी।*

### रूट पर ड्रोन से निगरानी रखेंगे

यात्रा के दौरान लगभग एक किलोमीटर के अंतराल पर रूट को सेनेटाइज किया जाएगा। यानी इतनी दूरी पर सीआरपीएफ का एक मोर्चा रहेगा। मोर्चों की इतनी कम दूरी इसलिए रखी गई है कि किसी दूसरे मोर्चे पर कोई घटना हो तो पहले मोर्चे से बिना कोई देरी किए जवान, वहां पहुंच सकते हैं। जवानों द्वारा खुद ही अपने मोर्चे तैयार किए जाएंगे। यात्रा रूट पर पर्याप्त संख्या में 'आरओपी' तैनात रहेंगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25